


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन


11 महीने के निचले स्तर पर महंगाई:खाने-पीने के सामान और सब्जी हुई सस्ती, रिटेल महंगाई नवंबर में घटकर 5.88% पर आई

वर्ष 52/ अंक 131/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, मंगलवार 13 दिसंबर 2022 भोपाल से प्रकाशित

# भारत-चीन झड़प की खबरों को लेकर संसद में हंगामा

## राजनाथ सिंह ने दिया जवाब-हमारे सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में झड़प का मामला तूल पकड़ रहा है। चीन और भारत के सैनिकों के बीच हुई इस झड़प को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष ने संसद में हंगामा किया है। कांग्रेस ने कहा कि वक्त आ गया है कि सरकार ढुलमुल रवैया छोड़कर सख्त लहजे में चीन को समझाए कि उसकी यह हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी ट्वीट करके इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने लिखा फिर से हमारे भारतीय सेना के जवानों को चीनियों ने भड़काया है। हमारे जवानों ने डटकर मुकाबला किया और उनमें से कुछ घायल भी हुए हैं। हम राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर देश के साथ हैं और इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने आगे लिखा, %लेकिन मोदी सरकार अप्रैल 2020 से एलएसी के पास सभी बिंदुओं पर चीनी अतिक्रमण और निर्माण के बारे में ईमानदार होनी चाहिए। सरकार को संसद में इस मुद्दे पर चर्चा करके देश को भरोसे में लेने की जरूरत है। हम अपने सैनिकों के शौर्य और बलिदान के सदैव ऋणी रहेंगे।

वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी ट्वीट करते हुए मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि भारतीय सेना के शौर्य पर हमें गर्व है। सीमा पर चीन की हरकतें किसी भी तरह से स्वीकार नहीं की जाएंगी। बीते दो साल से हम बार-बार सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार केवल अपनी राजनीतिक छवि को बचाने के लिए इस मामले को दबाने में लगी है। इसी कारण चीन का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है।

### हाथापाई हुई, चीनियों को खदेड़ दिया

राजनाथ ने कहा- 9 दिसंबर 2022 को पीएलए ट्रूप्स ने तवांग में एलएसी का उल्लंघन कर नियम तोड़े थे। भारतीय सेना ने पीएलए को अतिक्रमण से रोका। उन्हें उनकी पोस्ट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें भी आई हैं। हमारे किसी भी सैनिक की न तो मृत्यु हुई है और न कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। समय से हमने हस्तक्षेप किया। इसकी वजह से चीनी सैनिक वापस चले गए। इसके बाद लोकल कमांडर ने 11 दिसंबर को चाइनीज काउंटर पार्ट के साथ व्यवस्था के तहत फ्लैग मीटिंग की। चीन को ऐसे एक्शन के लिए मना किया गया और शांति बनाए रखने को कहा। कूटनीतिक स्तर पर भी मुद्दा उठाया गया। हमारी सेनाएं भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी भी प्रयास को रोकने के लिए तत्पर हैं। विश्वास है सदन सेनाओं की वीरता और साहस को समर्थन देगा। यह संसद बिना किसी संशय के भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और क्षमता का अभिनंदन करेगी।



### राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसा मिला: शाह



इससे पहले तवांग झड़प को लेकर संसद में भारी हंगामा हुआ। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने संसद के बाहर कहा कि भारत की एक इंच जमीन पर चीन ने कब्जा नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने बहादुरी दिखाई। कांग्रेस दोहरा व्यवहार कर रही है। कांग्रेस ने प्रश्न काल चलने नहीं दिया। हमने जवाब देने की बात कह दी थी। उसके बावजूद इन्होंने संसद नहीं चलने दी। शाह ने आरोप लगाया कि चीन पर कांग्रेस का रवैया दोहरा है। राजीव गांधी फाउंडेशन का सवाल प्रश्न काल में रखा गया था। मैं बता दूं कि इसका द्धष्ह्लद्ग लाइसेंस रद्द किया गया था। इसी पर सवाल था। उस फाउंडेशन को चीन से पैसे मिले। 1.38 करोड़ रुपए मिले थे। कांग्रेस शासन में 1962 में चीन ने हजारों एकड़ जमीन हड़प ली थी।

### तवांग झड़प के बाद मोर्चे पर हमारे लड़ाकू विमान

तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी हैं। 9 दिसंबर को तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी।



इसके बाद द्ब्रस्न ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात किए थे। वहीं दूसरी ओर, भारत की सीमा में प्रवेश करने के लिए चीन ने तैयारी कर ली है। तवांग में ऐसा टू लेन हाईवे बनाया है, जो भारत की सीमा में प्रवेश कर रहा है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि तवांग के करीब यांगत्से में ड्ढ्र के पास दो इलाकों... होलीदीप और परिक्रमा एरिया में चीन भारतीय चौकियों का विरोध कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में 2-3 बार इन चौकियों की तरफ बढ़ रहे ड्रोन को भारतीय लड़ाकू विमानों ने रोका है। सुखोई-30रूद्मढ्ढ ने ये एयर वॉयलेशन रोका था।

## संसद पर हुए हमले के 21 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। संसद पर हुए हमले के मंगलवार को 21 साल पूरे हो गए हैं। संसद भवन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है। 13 दिसंबर 2001 को भारत की संसद पर पांच आतंकवादियों ने हमला किया था। हमले में 10 लोगों की मौत हुई थी और 18 लोग घायल हुए थे।

## स्काय अर्थ ग्रुप पर आयकर का छापा

**इंदौर।** आयकर विभाग ने स्काय अर्थ ग्रुप पर आज सुबह आयकर विभाग की टीम छापा मारा। टीम सागर चालवा, निम्मी चावला, गोविंद चावला और नीरज सचदेव के यहां पहुंची और दस्तावेज खंगाले। इसके अलावा रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े खेमानी, कासलीवाल परिवार के यहां भी टीम सर्वे कर रही है।




मंगलवार को आयकर विभाग ने रियल एस्टेट कारोबारियों के यहां छापेमारी की गई। चार बड़े समूहों के यहां सुबह आयकर विभाग की टीम पहुंची। शहर के रियल एस्टेट कारोबारी आयकर विभाग के निशाने पर है। पिछले माह भी शहर के दो बिल्डरों के यहां आयकर विभाग ने छापे मारे थे। सुबह आयकर टीम चार रियल एस्टेट समूहों के कर्ताधर्ता और उनके साथी कारोबारियों के घर पहुंची।

अफसर जिन वाहनों से आए थे, उस पर विवाह समारोह के स्टीकर लगाए गए थे,ताकि किसी को शक न हो कि टीम छापे मारने जा रही है। टीम स्काय अर्थ ग्रुप के एबी रोड स्थित सत्य साईं चौराहे पर स्थित ग्रुप के मुख्य कार्यालय पर यह कार्रवाई की। इस समूह में स्काय लक्जरिया, स्काय पैलेस जैसे प्रमुख बिल्डिंग हैं। आयकर विभाग की टीम की उनके घर के अलावा आफिस पर भी यह कार्रवाई जारी है।

स्काय अर्थ समूह के इंदौर में 10 से 12 ठिकानें हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अन्य रियल इस्टेट समूहों पर आयकर विभाग की कार्रवाई की जा रही है। आयकर विभाग ने पिछले दिनों भी शहर में कई बड़े समूहों पर कार्रवाई की थी। इसके अलावा विभाग ने शहर के बड़े फर्नीचर व्यवसायी महिद्पुरवाला के इंदौर और भोपाल के संस्थानों पर भी कार्रवाई की थी।

छापे की जानकारी मिलते ही समूहों से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। आयकर विभाग ने स्काय अर्थ ग्रुप पर आयकर रेड की। टीम सागर चालवा, निम्मी चावला, गोविंद चावला, नीरज सचदेव के यहां पहुंची और दस्तावेज खंगाले। इसके अलावा रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े खेमानी, कासलीवाल परिवार के यहां भी टीम आयकर सर्वे कर रही है। जिन समूहों के यहां सर्वे हो रहा है। उनके कई प्रोजेक्ट शहर में चल रहे है।

### रियल एस्टेट कारोबारियों के यहां लगातार छापे

इससे पहले अक्टूबर माह भी आयकर विभाग और ईडी की टीम ने शहर के बिल्डर टीनू संघवी और लाभम ग्रुप के प्रमुख सुमित मंत्री के यहां छापे मारे थे। इसके अलावा दिग्विजय सिंह के मित्र सुभाष गुप्ता के यहां भी आयकर विभाग ने सर्वे किया है।

## छत्रपति शिवाजी पर टिप्पणी के विरोध में पुणे बंद




**पुणे।** मराठा संगठन संभाजी ब्रिगेड, कई संगठनों और विपक्षी दलों के साथ सर्वधर्मीय शिवप्रेमी पुणेकर ने मंगलवार को पुणे बंद रखा है। इस दौरान एक मौन मार्च निकाला जाएगा। इसके तहत डेक्कन में छत्रपति संभाजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद मौन मार्च शुरू होगा। यह मार्च राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी के खिलाफ निकाला जा रहा है। किराना स्टोर, बेकरी और दूध की दुकानों जैसी आवश्यक सेवाओं को सुबह 10 बजे तक खोलने की अनुमति है। इसके बाद 3 बजे तक दुकानें बंद रहेंगी। मेडिकल की दुकानें दिनभर खुली रहेंगी। पेट्रोल और सीएनजी पंप चालू रहेंगे।

## भारत ने इस्लामिक देशों के संगठन को लगाई फटकार, दी चेतावनी- हमारे मामलों में दखल मंजूर नहीं

**नई दिल्ली।** इस्लामिक देशों के संगठन- ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) को भारत ने एक बार फिर फटकार लगाई है। कश्मीर को लेकर लगातार बयानबाजी के बाद अब इस संगठन के महासचिव ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया है। साथ ही पीओके को लेकर टिप्पणियां भी कीं। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई है। विदेश मंत्रालय की ओर से ओआईसी की इस हरकत की निंदा की गई है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची की ओर से जारी बयान में कहा गया, हम ओआईसी के महासचिव के पीओके जाने और दौरे के समय जम्मू-कश्मीर पर टिप्पणी की सख्त आलोचना करते हैं। हम फिर कहना चाहते हैं कि ओआईसी का जम्मू-कश्मीर से जुड़े मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। यह भारत का एक अखंड हिस्सा है। भारत के आंतरिक मामलों में दखल और हस्तक्षेप की कोई भी कोशिश पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया, ओआईसी पहले ही अपनी सारी विश्वसनीयता खो चुका है। वह कई मुद्दों पर लगातार सांप्रदायिक, एकतरफा और तथ्यात्मक रूप से झूठे पक्ष लेता रहा है। इसके महासचिव दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से पाकिस्तान के प्रवक्ता बन कर रह गए हैं। गौरतलब है कि इस्लामिक देशों के संगठन के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने सोमवार को पीओके दौरे के बाद कहा कि कश्मीर विवाद ओआईसी के एजेंडे में सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। दरअसल, ब्राहिम ताहा पीओके दौरे पर पहुंचे थे यहां उन्होंने कहा कि इस्लामिक देशों के संगठन भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का रास्ता ढूंढ रहा है ताकि कश्मीर विवाद का हल निकाला जा सके।

## गृहमंत्री के निर्देश पर उज्जैन में पैगंबर हजरत मोहम्मद सोसायटी द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता स्थगित

**भोपाल।** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने उज्जैन में पैगाम ए इंसानियत सोसाइटी द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता को स्थगित कराने के लिए उज्जैन एसपी को निर्देश दिए गए हैं।



गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मेरे संज्ञान में यह विषय लाया गया था उज्जैन में पैगंबर हजरत मोहम्मद सोसायटी द्वारा एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित हो रही थी, इसमें गैर मुस्लिमों को भाग लेने के लिए कहा गया था। मैं भी नहीं समझ पाया कि इस प्रतियोगिता में ऐसे कैसे हो सकता है। ये कौन सा तरीका है, जैसे ही मेरे सामने मामला संज्ञान में आया था लोगों ने नीयत पर ही सवाल खड़े कर दिया थे। मैंने एसपी को निर्देश देकर निबंध प्रतियोगिता को स्थगित किया जाए।

## केजरीवाल को हाईकोर्ट से राहत

**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुल्तानपुर डिस्ट्रीक्ट कोर्ट में दिल्ली ष्टरू अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक आपराधिक मामले में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी। जस्टिस डीके सिंह ने केजरीवाल की दायर याचिका पर आदेश पारित किया। वहीं मामले में सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी तय की है।

## राजा पटेरिया को कोर्ट ने भेजा जेल, कांग्रेस ने जारी किया नोटिस

**दमोह।** हटा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को पन्ना पुलिस ने सुबह सात बजे गिरफ्तार किया और पन्ना ले गई। यहां पवई में पुलिस ने पटेरिया को थाने में रखा। इसके बाद उन्हें स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके पहले पवई चिकित्सालय में उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



### कमलनाथ ने की राजा पटेरिया के बयान की निंदा

कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने राजा पटेरिया के बयान पर कहा कि इस प्रकार के बयान की मैं कड़ी निंदा करता हूं, कांग्रेस का रास्ता महात्मा गांधी का रास्ता है। मामला कोर्ट में है, कोर्ट जो निर्णय लेगी वह सभी को मामला होगा। हमने शो कॉज नोटिस दिया है।

### कांग्रेस ने जारी किया नोटिस

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के पवई विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संविधान बचाने के लिए मोदी की हत्या के लिए तत्पर रहने संबंधी बयान पर प्रदेश कांग्रेस ने उन्हें नोटिस दिया है। संगठन ने उनके बयान को आपत्तिजनक और निंदनीय माना है। नोटिस का उत्तर उन्हें तीन दिन में देने के लिए कहा है। यदि वे उत्तर नहीं देते हैं या वह संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनकी प्राथमिक सदस्यता समाप्त की जा सकती है। पटेरिया के विरुद्ध पवई और जबलपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## लोकायुक्त में एफआईआर कराऊंगा, ट्रेप कराऊंगा

**भोपाल।** आप स्टाफ को फोन लगाकर पैसे के लिए बुला रहे है। नर्सरी से कम दरों पर भुगतान हो रहा है। आपने बांस के पौधे गायब करवा दिए करोड़ों के मै आपके खिलाफ लोकायुक्त मामले में एफआईआर कराउगा। मै विधानसभा में भी सवाल उठवाऊंगा। पैसे आप खाओ हम जिम्मेदार कैसे है। मै आपको इतना बुरा उलझाऊंगा जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। बैतूल जिले के तत्कालीन सीसीएफ अनिल सिंह और रेंजर सुनील जैन के बीच हुए संवाद का यह आडियो वाइरल होंने से पूरे जंगल महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।

● **रेंजर की सीसीएफ से बातचीत के वाइरल ऑडियो से मचा हड़कंप**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक आर एण्डई अतुल जैन का कहना है कि इस मामले में जो तथ्य आएंगे उनका परीक्षण कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

पूरा मामला बैतूल जिले में वन विभाग की नर्सरियों के भुगतान से जुड़ा हुआ है। बैतूल के रेंजर सुनील जैन ने बैतूल में पदस्थ रहे सीसीएफ आर एण्ड डी अनिल सिंह( वर्तमान में सागर में पदस्थ )से बातचीत करते हुए ऑडियो रिकार्ड किया और उसे वाइरल कर दिया। इस ऑडियो में रेंजर सुनील जैन सीसीएफ अनिल सिंह से कह रहे है कि आप स्टाफ को फोन लगाकर पैसे के लिए बुला रहे है।हमारा पूरा पेमेंट नहीं हुआ है। मै अपनी किसी भी नर्सरी में कम रेट से पेमेंट नहीं करुंगा, ना मै पैसा दूंगा और न स्टाफ को देने दूंगा। आपके खिलाफ स्नढ्ढक्र करा रहा हूं । आपकी सारी नर्सरियों में कम दरों से भुगतान हो रहा है। न आपने पूरा पेमेंट कराया न आपकी कोई एसडीओ सुनता है। लोकायुक्त में मेरे स्टेटमेंट हुए है। आप आर एण्ड डी में बुरी तरह से उलझे हुए हो आप कल्पना भी नहीं कर सकते। मै उलझाऊंगा आपको, मेरी एक साल की नौकरी बची है। मैने नीमा को मैने परेशान कर डाला, सुबुद्धि भी हुए, उचाड़िया भी हुए है।

# भारत जोड़ो के 100 दिन, जयपुर आएंगे राहुल गांधी

**जयपुर।** कन्याकुमारी से 7 सितंबर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 16 दिसंबर को 100 दिन पूरे कर रही है। इस दिन जयपुर में बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान का म्यूजिक इवेंट होगा। इवेंट में राहुल गांधी सहित सभी यात्री शामिल होंगे। हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित कांग्रेस के सभी 40 विधायक भी इस दिन यात्रा का हिस्सा होंगे।

आज की यात्रा का पहला फेज कंप्लीट होने के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि 16 दिसंबर को ही राहुल गांधी दौसा में एक प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। राहुल की यात्रा का आज राजस्थान में 9वां दिन है। सवाई माधोपुर में चल रही यात्रा में दिन का दूसरा फेज 3.30 बजे सूरवाल (सवाई माधोपुर) से स्टार्ट होगा।

इससे पहले आज सुबह यात्रा में एक बेरोजगार उर्दू टीचर ने राजस्थान सरकार के स्टाफिंग पैटर्न की राहुल से शिकायत की। सवाई माधोपुर के इकराम अहमद ने कहा कि मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा जाता है, वोट के लिए याद किया जाता है, लेकिन जब मुसलमान को हक देने की बात आती है तो वह नहीं मिलता। उर्दू टीचर की भर्ती इसका उदाहरण है।



इस पर राहुल ने पूछा की ऐसा क्यों कह रहे हैं, क्या हुआ। युवा ने कहा कि 2021 के बजट में 2100 उर्दू शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी, लेकिन केवल 300 की भर्ती की। स्टाफिंग पैटर्न बदला गया, तब ये गोविंद सिंह डोटासरा ही शिक्षा मंत्री थे। इनके कार्यकाल से ही भर्ती अब तक अटकी है। राहुल गांधी ने डोटासरा से कहा कि युवाओं की रोजगार नौकरी की दिक्कतों को हर हाल में दूर किया जाए। इसके बाद राहुल गांधी ने बेरोजगार उर्दू टीचर को गले लगाया और उर्दू टीचर्स से लेकर माइनॉरिटी की दिक्कतों को दूर करने आश्वासन दिया।

# शादी विवाह के लिए राजसी लुक वेडिंग डेस्टिनेशन कैलाश गार्डन



भोपाल। राजधानी का एकमात्र राजसी वैभव से भरपूर शादी विवाह के लिए वेडिंग डेस्टिनेशन पटेल नगर स्थित कैलाश गार्डन को जोधपुर के उम्मेद भवन की तर्ज पर बनाया गया है प्रोपराइटर प्रमोद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि सात मंजिला भवन भव्य शादी विवाह के लिए राजसी लुक के लिए राजधानी का एकमात्र वेडिंग डेस्टिनेशन है पटेल नगर स्थित कैलाश गार्डन आपको राजा रजवाड़े की याद दिलाता है व्यवसाई भव्य माहौल यहां पर है इस सात मंजिला भवन में एक से बढ़कर एक सुइट उपलब्ध है साथ ही इन सुइट के साथ स्विमिंग पूल की सुविधा भी दी गई है। रोजगार त्रिपाठी बताते हैं कि उनके द्वारा जोधपुर के उम्मेद भवन की तरह भोपाल में राज्य से शादी के लिए यह भवन तैयार कराया गया है लेकिन इसके साथ ही यहां पर सुविधाओं को मात्र 10 से 15 लाख उपलब्ध कराने का

## भागवत कथा के छठवें दिन रूकमणी मंगल प्रसंग पर जमकर झूमे श्रोता

# नि:स्वार्थ भाव से प्रभु के स्मरण से जीवात्मा को मिलता मोक्ष: निधि किशोरी





**संत हिरदाराम नगर।** सभी भक्तों को भगवान के श्रीचरणों मे लगन लगानी चाहिए। नि:स्वार्थ भाव से प्रभु के स्मरण से जीवात्मा को मोक्ष मिल जाता है। गांधी नगर स्थित हनुमान मंदिर पर श्रीश्री 108 मोहनदास त्यागी रामजी महाराज की दसवीं पुण्य स्मृति में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक बाल किशोरी निधि दीदी ने रूकमणी मंगल प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रोतागण पहुंचे और कथा के बीच-बीच में चल रहे भजनों पर जमकर नृत्य किया। निधि दीदी ने कहा कि भक्ति ही वह मार्ग है जिसके माध्यम से मनुष्य को भगवान तक पहुंचने का मार्ग मिलता है। भगवान भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। भक्त को यदि फल चाहिए तो धैर्यपूर्वक पूजा करना चाहिये। धैर्यपूर्वक पूजा करने के बाद उसे फल मिठा ही मिठा मिलेगा। जीवन में सुख दु:ख आते रहते हैं। दु:ख आने पर हार नहीं मानना चाहिए क्योंकि जीवन में दु:ख आयेगा तो उससे अधिक सुख भी मिलेगा। बस अपने मन को प्रभु की भक्ति में लगाकर रखना चाहिए।

# हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों पर आयोजित हुए स्वास्थ्य मेले

**भोपाल।** समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे पर हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित इन शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के संबंध में गतिविधियां आयोजित की गई। सोमवार को स्वास्थ्य मेले में उच्च रक्तचाप एवं डायबिटीज की स्क्रीनिंग, आभा आईडी का निर्माण, ई- संजीवनी के माध्यम से टेलीकंसल्टेशन की थीम पर सेवाएं प्रदान की गई। मेलों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों, जन आरोग्य समिति एवं महिला आरोग्य समिति के सदस्यों का सहयोग लिया गया। स्वास्थ्य मेलों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से 824 मरीजों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के मरीजों के लिए विशेष परामर्ष सत्र आयोजित किए गए। जिसमें दवाओं के साथ-साथ योग, जीवन शैली प्रबंधन एवं आहार के विषय पर जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ-साथ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट ( आभा आईडी ) के उपयोग एवं लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं आभा आईडी का निर्माण करवाया गया।

**शविरों के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के संबंध में गतिविधियां आयोजित की**

# शुभम नर्सरी की सभी 4 ब्रांच पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट



भोपाल। पटेल नगर स्थित शुभम नर्सरी पर 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 30 प्रतिशत डिस्काउंट सेल आयोजित की जा रही है। संचालक प्रमोद चुग ने बताया कि शुभम नर्सरी की सभी 4 ब्रांच पर यह डिस्काउंट उपलब्ध रहेगा।

# एसएचआईएम में स्वास्तिका इनवेस्टमार्ट ने किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड (पूर्व में स्वास्तिका फिन-लीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के साथ प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। यह ड्राइव एमबीए (2021-2023) और इंटीग्रेटेड एमबीए (2018-22) की छात्राओं के लिए आयोजित की गई। कंपनी ने भोपाल, भिलाई और रायपुर में रिलेशनशिप मैनेजर के प्रोफाइल के लिए प्लेसमेंट के अवसर प्रदान किए हैं। छात्राओं ने प्री-प्लेसमेंट टॉक में भाग लिया, जिसमें एचआर ने छात्राओं को प्रोफाइल, जॉब पैकेज, लोकेशन आदि के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पर्सनल इंटरव्यू राउंड हुआ जिसमें, कंपनी ने इंटरव्यू के दूसरे दौर के लिए 6 छात्राओं वर्षा चैधरी, स्वाति बार्बे, चंचल मैथिल, निकिता राजोरिया, सलोनी घोडाले और श्वेता भैसारे को शॉर्टलिस्ट किया। दूसरे राउंड का इंटरव्यू में वर्षा चैधरी, स्वाति बार्बे, चंचल मैथिल, निकिता राजोरिया, सलोनी घोडाले को प्लेसमेंट का अवसर मिला।

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत दक्षिण भारतीय महाकवि सुब्रामण्यम भारती के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा ने अपने व्याख्यान के दौरान भाषा के महत्व को बताया कि भाषा कोई भी हो उसमें प्रभुत्व होना बहुत आवश्यक है और उसमें अपना सर्वोच्च्य दे। आप कोई भी भाषा बोलें पूरी ऊर्जा के साथ बोले। उन्होंने यह भी कहा कि छात्राओं को अधिक से अधिक भाषाओं को सीखना चाहिए। महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें कार्यक्रमों का संचालन शेमा मेहफूज ने किया। प्रज्ञा गुप्ता के द्वारा सुब्रमण्यम भारती पर भाषण, प्रियांशी माखीजा के द्वारा कविता पाठ किया गया। साथ ही लिटरेरी कमेटी द्वारा इंग्लिश नाटक की प्रस्तुति दी गई। भाषा विभाग द्वारा एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका शीर्षक-''मेरी भाषा मेरा हस्ताक्षर '' था। साथ ही रीडाथॉन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को द्रौपदी मुर्मू के जीवन पर आधारित पुस्तक पढ़ने के लिए दी गई।

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि की छात्राओं का इंटर्नशिप के लिए ऐमेज़ॉन कंपनी में चयन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल की यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग फाइनल ईयर की छात्रा अदिति चौरसिया एवं जेनब खान सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर इंटर्नशिप के लिए ऐमेज़ॉन कंपनी में चयन हुआ है। इन दोनों छात्रों को 6 महीने की इंटर्नशिप के दौरान हर महीने 1.10 लाख रुपए मिलेंगे , 6 महीने की इंटरशिप सफलतापूर्वक करने के उपरांत इन्हें ऐमेज़ॉन कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के तौर पर नियुक्ति मिलेगी। दोनों छात्रों की उपलब्धि पर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के माननीय कुलपति प्रोफेसर सुनील गुप्ता सर ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने बताया कि राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हमारे छात्रों को इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुरूप छात्रों को तैयार कर रहा है और भविष्य में इंडस्ट्री के अनुरूप छात्रों को तैयार करने के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम पर विश्वविद्यालय फोकस करेगा जिससे इंडस्ट्री की रिक्वायरमेंट को पूरा किया जा सके द्य कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग अध्यक्ष द्वारा बताया गया की कंप्यूटर साइंस विभाग के फाइनल ईयर के छात्रों को एक से ज्यादा जॉब ऑफर मिले हैं। इसी कड़ी में अदिति चौरसिया का सिलेक्शन ऐमेज़ॉन के साथ-साथ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज कंपनी में हुआ है वही जेनब खान का सिलेक्शन ऐमेज़ॉन के साथ-साथ कंपनियों में हुआ है।

प्रोफेसर उदय चौरसिया ने बताया की राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग अपने छात्रों के उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है और राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के परिवार की तरफ से छात्रों को बहुत-बहुत बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# पुलिस की मौजूदगी में आरिफ नगर से हटाया रेलवे का अतिक्रमण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से रामगंजमंडी (राजस्थान) को जोड़ने के लिये नई रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है। किन्तु भोपाल से संत हिरदाराम नगर स्टेशन के मध्य स्थित लगभग 100 अतिक्रमण की वजह से रेलवे लाइन के कार्य में बाधा उतपन्न हो रही थी। इसके अलावा भोपाल से अप लाइन के साइड में 759 मीटर के लूप लाइन का निर्माण कार्य भी चल रहा है। लेकिन 347 झुग्गियों की वजह से लूप लाइन के निर्माण कार्य में बाधा आ रही थी। रेल प्रशासन द्वारा फरवरी 2022 तक अतिक्रमणकारियों की पहचान कर ली गई थी एवं एनको नोटिस दे दिये गये थे। स्थानीय प्रशासन से संवाद करके मार्च 2022 से अतिक्रमणकारियों को हटाने की प्रक्रिया जारी थी। सभी से सामजस्य कर सोमवार को अतिक्रमण हटाने का दिन निर्श्चित किया गया।

इस अतिक्रमण को हटाने के लिये एक पोकलेन एवं 3 जे.सी.बी. मशीन का उपयोग किया गया। जिला कलेक्टर,भोपाल ने एस.डी.एम. बैरागढ़ को कार्यपालन मजिस्टेट नियुक्त किया था। अतिक्रमण हटाने के लिये स्थानीय पुलिस, रेल सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) के 70 जवानों (जिसमें 14 महिलायें) ने भाग लिया। इसके साथ ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी भी सम्मिलित थे। स्थानीय प्रशासन ने विस्थापितों के परिवार वालों के लिये करीब 4 एकड़ का भूखण्ड उपलब्ध कराया गया एवं उनसे बातचीत करके विस्थापित परिवारों को बाहर जाने के लिये राजी किया गया। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया कल 13 दिसंबर 2022 को भी जारी रहेगी।

भोपाल से संत हिरदाराम नगर स्टेशन के मध्य स्थित लगभग 100 अतिक्रमण की वजह से रेलवे लाइन के कार्य में बाधा उतपन्न हो रही थी। इसके अलावा भोपाल से अप लाइन के साइड में 759 मीटर के लूप लाइन का निर्माण कार्य भी चल रहा है। लेकिन 347 झुग्गियों की वजह से लूप लाइन के निर्माण कार्य में बाधा आ रही थी रेल प्रशासन द्वारा फरवरी 2022 तक अतिक्रमणकारियों की पहचान कर ली गई थी एवं एनको नोटिस दे दिये गये थे। स्थानीय प्रशासन से संवाद करके मार्च 2022 से अतिक्रमणकारियों को हटाने की प्रक्रिया जारी थी। अत: सभी से सामजस्य कर सोमवार12 दिसंबर 2022 को अतिक्रमण हटाने का दिन निर्श्चित किया गया। इस अतिक्रमण को हटाने के लिये एक पोकलेन एवं 3 जे.सी.बी. मशीन का उपयोग किया गया। जिला कलेक्टर,भोपाल ने एस.डी.एम. बैरागढ़ को कार्यपालन मजिस्टेट नियुक्त किया था। अतिक्रमण हटाने के लिये स्थानीय पुलिस, रेल सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) के 70 जवानों (जिसमें 14 महिलायें) ने भाग लिया। इसके साथ ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी भी सम्मिलित थे। स्थानीय प्रशासन ने विस्थापितों के परिवार वालों के लिये करीब 4 एकड़ का भूखण्ड उपलब्ध कराया गया एवं उनसे बातचीत करके विस्थापित परिवारों को बाहर जाने के लिये राजी किया गया। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया कल 13 दिसंबर 2022 को भी जारी रहेगी।

# ट्रांसपोर्ट नगर कोकता में न्यू श्रीकृष्णा ज्वेलर्स का शुभारंभ



**भोपाल। ट्रांसपोर्ट नगर कोकता पर आज न्यू श्री कृष्णा ज्वेलर्स का शुभारंभ किया गया न्यू श्री कृष्णा की यह तीसरी ब्रांच है संचालक नितिन सोनी ने बताया कि यहां पर फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है**

## आर्ट लिविंग इंटयूशंस प्रोसेस कार्यशाला संपन्न

भोपाल । राज्य आनंद संस्था में दो दिवसीय आर्ट लिविंग इंटयूंशस प्रोसेस कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में 5 से 18 वर्ष आयु के सम्मिलित हुए बच्चों में अंतर ज्ञान की प्रभावशाली प्रतिभा जो बच्चों के भविष्य को सकारात्मक रूप से सशक्त बनाती है। कार्यशाला में प्रशिक्षक सुश्री पल्लवी दत्त बैंगलोर आश्रम की प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों प्रशिक्षण दिया। संचालन डॉ. नीलेश आर्य, डॉ. योगिता गजाम द्वारा किया गया।

# जोन अध्यक्ष के कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया

**भोपाल ।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर मालती राय की उपस्थिति में बाग दिलकुशा स्थित निगम के जोन क्र. 11 में जोन अध्यक्ष के कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया तदोपरांत मंत्री सारंग एवं महापौर राय की उपस्थिति में वार्ड क्र. 71 की पार्षद कुमारी श्रद्धा दुबे ने जोन क्र. 11 की अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। कुमारी श्रद्धा दुबे द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर मंत्री सारंग एवं महापौर श्रीमती राय सहित अन्य उपस्थितजन ने स्वागत किया एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य अशोक वाणी व आनन्द अग्रवाल के अलावा पार्षद मसर्रत बाबू मस्तान, विमलेश सिंह ठाकुर, सूर्यकांत गुप्ता आदि सहित अन्य पार्षदगण व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# विद्यार्थी सत्य बोले और धर्म का आचरण करें: राज्यपाल

**अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का 10वां दीक्षांत समारोह**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हर विद्यार्थी सदैव सत्य बोले और धर्म के अनुसार आचरण करे, तभी सबका जीवन मंगलमय होगा। विद्यार्थियों को सामाजिक समरसता के भाव को जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का काम डिग्री प्रदान करना मात्र नहीं है, बल्कि युवाओं को देश की एकता, अखण्डता, राष्ट्र निर्माण और विकास का कर्णधार बनाना है। राज्यपाल रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। देश को आजाद कराने में अनेक वीर और शहीदों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है। नई पीढ़ी को इन बलिदानियों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की स्मारिका दीक्षा पर्व, पुस्तिका विंध्य भारती, राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा जनजातीय रूपांकन कला पुस्तिका का विमोचन किया। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति के स्थान पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है। यह नीति विद्यार्थियों को ज्ञानवान के साथ कर्मवान बनायेगी। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा की ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं, जिसमें ज्ञान, रोजगार के अवसर और संस्कार मिलेंगे। समारोह में स्वामी परमात्मानंद सरस्वती ने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी पर आधारित नहीं होनी चाहिये। शिक्षा हमें आजीविका का अवसर देने के साथ जीने की कला भी सिखाये। उन्होंने विंध्य के गौरव वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को डी.एस.सी. की मानद उपाधि और समाज-सेविका अनुराधा शर्मा को मानद डी.लिट की उपाधि प्रदान की।

# भारत जोड़ो यात्रा ने मध्यप्रदेश में नए जन आंदोलन की शुरुआत कर दी: परिहार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 23 नवंबर से 5 दिसंबर तक मध्यप्रदेश के बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, इंदौर, उज्जैन और आगर मालवा जिलों से होकर कुल 387 किलोमीटर मध्यप्रदेश में चली। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पूरे समय यात्रा में मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने एक आम भारत यात्री की तरह कैंप में ही रात्रि विश्राम किया और पद यात्रियों के साथ ही भोजन किया। नेता, कार्यकर्ता और जनता के इस संगम ने मध्यप्रदेश में नया जन आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। यात्रा जिन इलाकों से गुजरी है, उन इलाकों के लोगों को यात्रा में शामिल होने और यात्रा के प्रति जनता के उत्साह को प्रत्यक्ष देखने का मौका मिला। लेकिन जिन क्षेत्रों से होकर यात्रा नहीं गुजरी, उन लोगों को भी इस बात का भली-भांति ज्ञान है कि राहुल गांधी की यात्रा ने नया इतिहास रच दिया है। नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो के नारे के साथ चल रही यात्रा में मध्यप्रदेश में हर समय लाखों लोग शामिल रहे। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी में यात्रा में शामिल होने को लेकर जबरदस्त उत्साह था। पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने भी यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। यात्रा के प्रत्यक्षदर्शी बता सकते हैं कि राहुल गांधी की यात्रा के लिए जो जन समुदाय उमड़ा वह भाजपा के नेताओं की तरह पैसे देकर बुलाई गई भीड़ नहीं थी और ना ही इस जन समुदाय को बुलाने के लिए कलेक्टर और एसपी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यह जबरदस्ती बुलाए जाने वाले कथित लाभार्थियों की भीड़ नहीं थी। राहुल गांधी की यात्रा में मध्य प्रदेश की जनता ने स्वेच्छा से भाग लिया। यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि राहुल गांधी ने दिनभर पैदल चलने के दौरान समाज के हर वर्ग के व्यक्ति से खुली बातचीत की। इस बातचीत में राहुल गांधी ने जनता के मन की बात सुनी और उनके तन, मन, धन की रक्षा करने की रणनीति बनाई। किसान, मजदूर, बुनकर, कारीगर, उद्यमी, बेरोजगार, महिलाएं, स्व सहायता समूह, पूर्व सैनिक, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी और समाज के हर वर्ग के लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी के पृथ्वी उमड़े जनता के प्यार से मध्य प्रदेश की सरकार इस कदर भयभीत हो गई यात्रा में शामिल होने आ रहे लोगों को बहुत जगह पर रोका गया।

## मोदी जी से पार नहीं पा सकती, इसलिए उनके खिलाफ षडयंत्र रच रही है कांग्रेस: विष्णुदत्त शर्मा

भोपाल। कांग्रेस को अब लगने लगा है कि वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पार नहीं पा सकती। इसलिए अब वह उनके खिलाफ षडयंत्र रचने लगी है। कांग्रेस की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी जी की मौत की चर्चा करना कोई सामान्य बात नहीं है, इसे पूरी गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कराई जाना चाहिए। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को मौत का सौदागर कहा। कांग्रेस के ही एक नेता उन्हें रावण कहते हैं। कांग्रेसी नेताओं के इस स्तर तक उतरने से लगता है कि उन्हें यह अहसास हो गया है कि अब वे और उनकी पार्टी अप्रासांगिक हो गई है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पार पाना उनके वश की बात नहीं है। इसीलिए वे इस तरह की बातें कर रहे हैं, साजिशें रच रहे हैं। शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा भारत जोड़ो यात्रा नहीं, बल्कि भारत को तोड़ने वाली यात्रा है। इस यात्रा में कन्हैयाकुमार शामिल होकर राहुल गांधी के कदम से कदम मिलाते हैं। इस यात्रा में स्वरा भास्कर शामिल होती हैं। राहुल की यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं। शर्मा ने कहा कि जो बात राजा पटेरिया ने की है, उसकी साजिश निश्चित रूप से राहुल गांधी की यात्रा के दौरान ही रची गई है।



# अनुभूति कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थी



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागसेवनिया के 114 विद्यार्थियों को अनुभूति कार्यक्रम के तहत वन वन्य-प्राणी पर्यावरण और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक कराया गया।मास्टर ट्रेनर श्री ए.के. खरे, सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक एवं पक्षी विद मोहम्मद खालिक ने विद्यार्थियों को वन्य प्राणियों की गतिविधियों से अवगत कराया। विद्यार्थियों को पक्षी-दर्शन, वन्य प्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण और सामाजिक वानिकी की गतिविधियों की बारिकियों से अवगत कराया। वन विहार प्रबंधन द्वारा वन्य प्राणियों पर तैयार की गई लघु फिल्म के साथ ईकोलॉजिकल प्रोसेस के संदर्भ में खाद्य जाल एवं वर्ड माईग्रेशन के खेल भी कराए गए। वन्य प्राणियों का रेस्क्यू किस प्रकार किया जाता है के संबंध में रेस्क्यू टीम ने अहम जानकारी दी। वन विहार संचालक श्रीमती पद्मप्रिया बालाकृष्णनन ने शिविर में शामिल सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई और प्रतिभागियों को अनुभूति बैग, केप और पठनीय सामग्री वितरित की। अगला अनुभूति कैम्प वन विहार में 19 दिसम्बर 2022 को आयोजित होगा

## राज्य सरकार विकास के लिये संकल्पबद्ध: कुशवाह

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास के लिये संकल्पबद्ध हैं। आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण हो और उन्हें शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले। इसके लिये अधिकारियों को पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिये। राज्य मंत्री कुशवाह सोमवार को ग्वालियर जिले के ग्राम चकगुंधारा में विकास कार्यों के भूमि-पूजन, लोकार्पण कार्यक्रम और जन-समस्या निवारण शिविर को संबोधित कर रहे थे।राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि 3 करोड़ 11 लाख 83 हजार रूपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ 44 लाख रूपये लागत से बनने वाले विद्युत सब स्टेशन से क्षेत्र के 2 दर्जन से अधिक ग्रामों को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सुविधा होगी। राज्य मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये वे सतत प्रत्यनशील हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकास के नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं।

### तीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर तीन मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यादव ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद् अंजड़ जिला बड़वानी मायाराम सोलंकी, प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद् कटंगी जिला बालाघाट भरत गजबे और प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद बिछुआ जिला छिंदवाड़ा चन्द्रकिशोर भवरे को निलंबित किया है।

# जनजातीय समुदाय को भा रही है मुख्यमंत्री की पाठशाला

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पिछले लगभग डेढ़ माह में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एक नयी भूमिका में सामने आये हैं। यह भूमिका है एक शिक्षक की, विषय के जानकार की। अपनी इस नयी और अनूठी भूमिका में मुख्यमंत्री श्री चौहान पेसा एक्ट के बारे में विस्तार से एक शिक्षक की तरह जनजातीय भाई-बहनों को जानकारी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री की ऐसी सभी पाठशालाओं में उपस्थित लोगों से वे कह भी रहे हैं कि मैं भाषण देने नहीं आपको पेसा एक्ट पढ़ाने आया हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ऐसा पहली बार नहीं कर रहे हैं। इसके पहले भी वे %आओ बनाये मध्यप्रदेश% यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों को पढ़ाने भोपाल के मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों से एक कुशल मोटिवेशनल स्पीकर की तरह संवाद कर चुके हैं। इतना ही नहीं वे अनेक दफा स्कूली विद्यार्थियों के समक्ष दक्ष योग गुरू की भूमिका भी निभा चुके हैं।

दरअसल मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में जनजातीय समाज को मुख्य-धारा में जोड़ने और उन्हें अधिकार सम्पन्न बनाने के लिये जो प्रयास प्रारंभ किये, उसमें सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है पेसा एक्ट। यह एक्ट, जनजातीय समुदाय को जल, जंगल और जमीन का अधिकार दिलाता है। गत 15 नवंबर का दिन मध्यप्रदेश के लिये ऐतिहासिक बना, जब राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामय उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 89 जनजातीय बहुल विकासखण्ड में इसे लागू करवाया। इसी दिन के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक्ट के प्रावधानों की जनजातीय भाई-बहनों को विस्तार से जानकारी देकर उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सबल बनाने की मुहिम शुरू कर दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान तब से अब तक जनजातीय विकासखंडों में पेसा एक्ट जागरूकता कार्यक्रम कर एक शिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। पेसा एक्ट के प्रावधानों का स्वयं बारीकी से अध्ययन कर उसे शिक्षक की भांति जनजातीय समुदाय को समझाने का उनका तरीका भी बड़ा अनोखा है। ऐसे में मुख्यमंत्री की यह पाठशाला सभी को बहुत भा रही है। मुख्यमंत्री का ग्रामीणों को समझाने का अंदाज एकदम जुदा है, जिससे जनजातीय भाई-बहन न केवल एक्ट को अच्छे से समझ पा रहे हैं बल्कि प्रभावित भी हो रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा जनजातीय बहुल विकासखंडों में लगातार पेसा एक्ट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वे स्वयं इस अभियान का नेतृत्व कर विभागीय अधिकारियों के लिये उत्प्रेरक की भूमिका भी निभा रहे हैं। जनजातीय भाई-बहनों को पेसा एक्ट को लागू करने के बाद उन्हें मिले अधिकारों के प्रति सजग करने मुख्यमंत्री के चौतरफा प्रयास जारी हैं। राज्य स्तर से ट्रेनिंग प्रोग्राम निर्धारित कर लक्षित विकासखंडों में मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण भी शुरू किया जा चुका है। इस महती कार्य में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पेसा एक्ट के साथ-साथ जनजातीय वर्ग के लिये संचालित केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति भी जागरूकता ला रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान का जनजातीय समाज को एक्ट की अच्छाइयों को उदाहरण के साथ समझाना और उसके फायदे बताने का सिलसिला लगातार जारी है, जनजातीय समाज उसको समझ कर अमल में भी ला रहे हैं।

अनेक जनजातीय ग्राम में पेसा एक्ट को लेकर ग्राम सभाएँ भी होना शुरू हो गई हैं। इनमें मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी भागीदारी कर जनजातीय भाइयों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने हाल ही में नव-निर्वाचित सरपंचों को सम्मेलन में आमंत्रित कर पेसा एक्ट को प्रभावी रूप से लागू कराने में सहयोग की अपील भी की है।

# उच्च शिक्षा आयुक्त बोले-क्षेत्र अनुसार निर्धारित हो व्यावसायिक पाठ्यक्रम का विषय

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उन्हीं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शिक्षा दी जाए, जो विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित हो और विद्यार्थी इस सर्टिफिकेट कोर्स से स्थानीय स्तर पर ही स्व-रोजगार या रोजगार प्राप्त कर सकें। आयुक्त उच्च शिक्षा श्री कर्मवीर शर्मा ने सोमवार को यह बात बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में भोपाल संभाग की समीक्षा बैठक में कही। आयुक्त शर्मा ने कहा कि जब विद्यार्थी अपने क्षेत्र में उपलब्ध उत्पाद या उद्योग के संबंध में व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्रमाण-पत्र प्राप्त करेगें, तो निश्चित रूप से हमारी शिक्षा पद्धति रोजगारमूलक मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के साथ बैठक कर उनकी रुचि के व्यावसायिक कोर्स के विषय पर चर्चा की जाए। भोपाल संभाग के शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के. जैन, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों में बिजली की समस्या जल्द ही दूर हो जाएगी। इसके लिए इन महाविद्यालयों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों को उर्जा-संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में सीएम हेल्पलाइन में विद्यार्थियों द्वारा की जा रही शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका तत्काल समाधान करने का प्रयास करें। इन शिकायतों के निवारण के लिए विद्यार्थियों पर दवाब नहीं बनाया जाए। आयुक्त ने कहा विभागीय शिकायतों एवं जाँचों का निवारण एक सप्ताह में किया जाए।

### 3 दिवसीय कटनी ट्रेड फेयर 16 से

**भोपाल।** एमएसएमई विभाग और लघु उद्योग भारती द्वारा 16 से 18 दिसंबर तक कटनी में ट्रेड फेयर होगा। इस फेयर को स्वयं सिद्धा स्वाबलंबी भारत ट्रेड फेयर नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मंत्रि-परिषद के सदस्य भी ट्रेड फेयर में सम्मिलित होंगे। इसका उद्घाटन 16 दिसंबर को होगा। लगभग 120 स्टाल के माध्यम से प्रदेश के औद्योगिक विकास को प्रदर्शित किया जाएगा। ट्रेड फेयर के दूसरे दिन 17 दिसंबर को स्टार्ट अप कान्क्लेव होगा।

## महारानी वेब सीरीज के तीसरे सीज़न की शूटिंग भी मध्यप्रदेश में



**भोपाल।** 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म अनुकूल राज्य' मध्यप्रदेश फिल्म शूटिंग की त्वरित और पारदर्शी व्यवस्था के आधार पर फिल्म निर्माताओं के लिए प्रमुख गंतव्य स्थल बन गया है। सुश्री हुमा कुरैशी अभिनीत वेब सीरीज महारानी का दूसरा सीजन प्रदेश में शूट हो चुका है।

अब सीरीज के तीसरे सीजन की शूटिंग भी मध्यप्रदेश में होगी। हाल ही में मुंबई में इंडिया टेलीविजन अवॉर्ड में अभिनेत्री सुश्री कुरैशी को वेब सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब दिया गया। अवॉर्ड पर खुशी जाहिर करते हुए सीरीज के निर्माता नरेन कुमार ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि सुश्री कुरैशी ने मुंबई में 22वें आईटीए ओटीटी अवार्ड्स समारोह में महारानी सीजन-2 के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। उन्होंने पुरस्कार को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री शिव शेखर शुक्ला और उनकी पूरी टीम के साथ साझा किया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन बोर्ड ने कोविड काल के कठिन समय महारानी सीजन-2 की शूटिंग सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात मदद की है। जल्द ही सीजन-3 की शूटिंग मध्यप्रदेश में होने जा रही है। यह पुरस्कार जितना कांगड़ा टॉकीज का है उतना ही म.प्र. टूरिज्म बोर्ड का भी है।

# नाटिका से विद्यार्थियों ने जाना बिजली की बचत का महत्व

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जन-सामान्य में बिजली बचत की जागरूकता के लिए मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी पूरे प्रदेश में एक सप्ताह का ऊर्जा-संरक्षण सप्ताह मना रही है, जिसकी शुरूआत आज जबलपुर में मदन महल क्षेत्र स्थित मांउट लिटरा ज़ी स्कूल में हुई। जहाँ ट्रांसमिशन कंपनी की कार्यपालन अभियंता श्रीमती क्षमा शुक्ला ने विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को बिजली बचत की महत्ता बताई और कहा कि बिजली की बचत न केवल आर्थिक बचत है, बल्कि यह राष्ट्रीय कर्त्तव्य से भी जुड़ी हुई है। इसलिए बिजली की बचत देशहित में भी महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को बिजली बचत करने की शपथ भी दिलवायी। ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा नाट्य मंचन के माध्यम से विद्यार्थियों को सरल भाषा में ऊर्जा-संरक्षण के संबंध में बताया गया, जिसे सभी विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ देखा और अच्छे से समझा भी। नाटिका मंचन में कंपनी की तरफ से आकांक्षा बेन, धनश्री लोधी, इंद्र शिवा सिंह, निकी कोष्टा, अनिल मिश्रा, मौसमी डेहरिया, देवेंद्र नामदेव, शुभम प्रजापति, सूरज झारिया, कल्याणी शुक्ला, अंकिता तिवारी एवं प्रीति दुबे ने सहभागिता दी। स्कूल की को-ऑर्डिनेटर सुश्री मेघा पाठक ने नाट्य मंचन के तुरंत बाद ऊर्जा बचत से संबंधित त्वरित क्विज़ की, जिसमें कक्षा 8वीं के छात्र राघवेन्द्र शरण बेंदुए और कक्षा 11वीं की छात्रा कु. अनुश्री जायसवाल ने सटीक जबाव दिया।

स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रमिला करमाकर ने बताया कि स्कूल, ऊर्जा-संरक्षण के लिए पहले से ही सक्रिय है। स्कूल में हर सेक्शन में अलग-अलग पावर मॉनीटर हैं, जो अपने सेक्शन में यह सुनिश्चित करते हैं कि बिजली का उपयोग जरूरत पर ही किया जाये। बच्चों ने ऊर्जा बचत की शपथ लेते हुये वचन दिया कि वे अपने परिवार और साथियों को भी इसका पालन करने के लिये प्रेरित करेंगे। ट्रांसमिशन कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी श्री शशिकांत ओझा ने ऊर्जा-संरक्षण से संबंधित स्लोगन के स्टीकर्स एवं ब्रोशर का वितरण भी किया।

### बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों में 60 फीसदी की आई कमी

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ता सेवाओं पर और अधिक ध्यान दे रही है। इसी कारण आपूर्ति संबंधी शिकायतों की संख्या में सतत कमी देखने को मिल रही है। गत 90 दिनों के अंतराल में शिकायतों में 60 फीसदी की कमी आई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधाएँ बढाने, आपूर्ति में गुणात्मक सुधार और शिकायत निवारण प्रक्रिया को सटीक करने से स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। इसी कारण शिकायतों की संख्या में तीन माह से सतत कमी की स्थिति है। उन्होंने बताया कि 90 दिन पहले दर्ज शिकायतों की संख्या 5450 थी, अब यह संख्या कम होकर मात्र 2032 रह गई है।तोमर ने बताया कि वर्तमान में कंपनी क्षेत्र में सभी प्रकार के कुल उपभोक्ताओं की संख्या 57 लाख से ज्यादा है।

सम्पादकीय

# चेहरा बनाम मुद्दों की ओर रुख..

गुजरात-हिमाचल प्रदेश में विधानसभा के साथ ही दिल्ली में नगर निगम के चुनावों के अलावा जिस तरह से उपचुनावों के परिणाम आए हैं, उन परिणामों ने एक बात तो साफ कर दी है कि आने वाले चुनावों में चेहरा या पार्टी नहीं, मुद्दों को अहमियत मिलने वाली है। हालांकि गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर रिकार्ड जीत का दावा किया जा रहा है, परंतु वहां भी राजनीतिक पंडित मानते हैं कि चुनाव मुद्दों पर ही हुआ और दूसरा, प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के वोटों में आम आदमी पार्टी ने जबर्दस्त सेंध लगाई।

विश्लेषक तो यही मानते हैं कि अगले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों और उसके छह महीनों के भीतर होने वाले लोकसभा चुनावों की पटकथा तैयार कर दी है। ये चुनाव अब चेहरा बनाम चेहरा नहीं, बल्कि चेहरा बनाम मुद्दों की लड़ाई बनने वाले हैं। एक तरफ निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा होगा, तो दूसरी ओर होंगे जनता से जुड़े मुद्दे। आम आदमी पार्टी की सफलता और उसका विस्तार कहीं न कहीं सत्ता पर काबिज भाजपा के प्रति उसका हमलावर होना और दिल्ली में जनता से जुड़े मुद्दों को हल करने की ललक के चलते ही संभव हो पाया है।

यह सही है कि भाजपा ने जहां मुद्दों से ज्यादा प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता और करिश्मे के बल पर गुजरात चुनाव में एतिहासिक कामयाबी पाई है और पहले भी हर चुनाव को मोदी करिश्मे से जीतने की कोशिश करती रही है और आगे भी करेगी। देखा जाए तो गुजरात में कांग्रेस सही तरीके से विपक्ष की भूमिका भी नहीं निभा पाई। स्वर्गीय अहमद पटेल एक तरफ तो कांग्रेस हाईकमान के सलाहकार रहे, लेकिन दूसरी ओर गुजरात में उन पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगते रहे। यही नहीं, उन्होंने और मधुसूदन मिस्त्री ने नए लोगों को उभरने ही नहीं दिया। हार्दिक पटेल जैसे नेता पार्टी ही छोड़ गए। यही कारण है कि कांग्रेस, जो मोदी के मुकाबले कोई वैसा मजबूत चेहरा न होने की वजह से कमजोर पड़ती रही है, उसने हिमाचल प्रदेश में चेहरे से ज्यादा मुद्दों पर जोर देने की रणनीति अपनाई और चुनाव जीतने में कामयाब रही है। कुछ इसी तरह आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम चुनावों में राजधानी के कूड़े को एक ऐसे जिताऊ मुद्दा बनाने में सफल रही कि उसने 15 साल से जमी भाजपा को हरा दिया।

संसदीय प्रणाली वाले भारतीय लोकतंत्र में पिछले करीब एक दशक से मुद्दों पर चेहरा भारी पड़ता रहा है। चाहे 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव रहे हों या राज्यों के विधानसभा चुनाव ज्यादातर मामलों में मुद्दों पर चेहरा भारी पड़ता रहा है और चेहरा यानी प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता व करिश्मे ने कई बार भाजपा को बढ़त दिलाई है। लेकिन राज्यों के चुनावों में कई बार ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, के. चंद्रशेखर राव, नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी के चेहरे अपने अपने राज्यों में मोदी के चेहरे और भाजपा पर भारी भी पड़े हैं। यानी ज्यादातर चुनाव मुद्दों से ज्यादा प्रतिद्वंदी दलों के नेताओं के चेहरों के बीच हुए और जो चेहरा भारी पड़ा उसके दल को कामयाबी मिली। इसी साल हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री मोदी के चेहरों की संयुक्त लोकप्रियता सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चेहरों की लोकप्रियता पर भारी पड़ी। पंजाब में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के चेहरों ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया।

इन चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए कांग्रेस ने गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावों को चेहरे की बजाय मुद्दों पर लड़ने की रणनीति अपनाई। गुजरात में पार्टी को पहले से ही अनुमान था कि वह कितना भी कर ले वहां उसे कामयाबी नहीं मिलनी है, इसलिए वहां का चुनाव पूरी तरह स्थानीय नेताओं और विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के भरोसे छोड़ दिया गया। चुनाव मोदी बनाम राहुल न बने, इसलिए न तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो पद यात्रा के मार्ग में गुजरात को शामिल किया गया, बल्कि राहुल गांधी चुनाव प्रचार में सिर्फ एक दिन के लिए गुजरात गए, जहां उन्होंने दो जनसभाओं को संबोधित किया। पार्टी के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने काफी देर से कुछ दिनों तक चुनाव प्रचार किया था।

देखा जाए तो कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश पर पूरा ध्यान केंद्रित करते हुए वहां चेहरे पर नहीं, बल्कि उन मुद्दों को उठाने पर जोर दिया जो जनता के बीच बेहद ज्वलंत थे। यूं तो प्रियंका गांधी लगातार हिमाचल प्रदेश में प्रचार करती रहीं, लेकिन कांग्रेस का पूरा प्रचार अभियान प्रियंका या किसी भी अन्य नेता पर केंद्रित होने की बजाय पुरानी पेंशन योजना, अग्निवीर भर्ती योजना, सेब किसानों के उत्पादों की पैकेजिंग पर जीएसटी, रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की मंहगाई और बेरोजगारी पर केंद्रित रहा। वहां अनुराग ठाकुर या भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का चेहरा भी काम नहीं आया। कुल मिलाकर कहीं न कहीं मुद्दे फिर से जनता के जेहन से निकल कर बाहर आने लगे हैं और लोकतंत्र के लिए इसे शुभ ही माना जा सकता है। हां, विपक्ष की एकता जरूर बड़ी बाधा बन सकता है, क्योंकि ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल भाजपा के बजाय विपक्ष के लिए बाधक बनते दिखाई दे रहे हैं।

### न्याय और कानून:

# कमजोर वर्ग और कानूनी सहायता के प्रावधान

**विनय झैलावत**

प्रत्येक अधिवक्ता को सरकार और अदालतों द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कम से कम निस्वार्थ मामलों को लेने के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसे वरिष्ठ अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के चयन का एक मापदंड भी बनाया जाना चाहिए। इसके लिए कानूनी सहायता को अभी भी भारत की नैदानिक कानूनी शिक्षा में शामिल किया जाना आवश्यक है। आजादी के साथ ही निर्धन और असहाय वर्ग के लिए कानूनी सहायता के प्रश्न पर निरंतर विचार मंथन चलता रहा। निर्धन वर्ग को मुफ्त और सुलभ कानूनी सहायता का विचार गहरा रहा था। इसी विचार ने समाज के वर्गों में गरीबों और वंचितों के लिए न्याय के मार्ग को प्रशस्त किया। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39 नीति निर्माताओं के इसी रुख की पुष्टि करता है। इसमें मुफ्त कानूनी सहायता शब्द का उल्लेख किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि आर्थिक अथवा अन्य अक्षमता के कारण किसी भी नागरिक को न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित नहीं किया जा सकेगा। देश में कानूनी सहायता कार्यक्रमों के प्रबंधन और निगरानी के लिए सन् 1980 में एक राष्ट्रव्यापी समिति की स्थापना की गई। इस समिति का नेतृत्व न्यायमूर्ति पीएन भगवती ने किया जो उस समय भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे।

संविधान में अनुच्छेद 39 क को शामिल किये जाने के कुछ वर्षों बाद सन् 1979 में हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य के चर्चित मामले में उच्चतम न्यायालय ने कानूनी सहायता और अनुच्छेद 39 क पर एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस मामले में न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि मुफ्त कानूनी सेवा न्यायोचित, निष्पक्ष और न्यायसंगत प्रक्रिया का अपरिहार्य अंग हैं। इसके बगैर आर्थिक या अन्य कठिनाइयों से पीड़ित कोई व्यक्ति न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित हो सकता है। इसलिए मुफ्त कानूनी सेवाओं का अधिकार किसी अपराध के आरोपी व्यक्ति के लिए प्राकृतिक न्याय के अंतर्गत न्यायिक प्रक्रिया का एक अनिवार्य घटक है। इसलिए इसे अनुच्छेद 21 के अंतर्गत दिए गए अधिकार में यह अवश्य सम्मिलित किया जाना चाहिए। इस प्रकरण के माध्यम से न्यायमूर्ति भगवती ने मुफ्त कानूनी सेवाओं के अधिकार को अनुच्छेद 21 का अनिवार्य अंग बना दिया। यह अनुच्छेद जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। न्यायमूर्ति भगवती ने न्यायिक व्याख्या के माध्यम से राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत को मौलिक अधिकार के रूप में परिवर्तित कर दिया। यह एक महत्वपूर्ण फैसला था जिससे गरीब और दबे कुचले और असहाय लोगों को मुफ्त कानूनी सेवा उपलब्ध करवाने के मार्ग में बहुत मदद मिली। अंत में संसद द्वारा एक अलग कानून बनाया गया। इससे कानूनी सहायता कार्यक्रमों को एक वैधानिक आधार प्राप्त हुआ। यह कानून कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के रूप में पारित किया गया। यह कानून सन् 1995 से प्रभावी हुआ था।

इस अधिनियम का उद्देश्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों के गठन है, जो समाज के कमजोर और असहाय वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करते हैं। साथ ही समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली लोक अदालतों का आयोजन भी करते हैं। इस अधिनियम में कानूनी सहायता को नियंत्रित करने के लिए इसमें कानूनी सेवा, लोक अदालत, राज्य सरकार जैसे विभिन्न शब्दों को स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से परिभाषित किया गया है। इस अधिनियम की धारा 2 (सी) स्पष्ट रूप से कानूनी सेवा को परिभाषित करती है। इसमें सभी प्रकार के कानूनी मुकदमे और किसी अदालत और संबंधित निकायों के समक्ष मामले को पेश करने के अवसर शामिल है।



इस अधिनियम में कानूनी सेवा योजनाएं जैसे मुफ्त कानूनी सहायता, कानूनी सलाह और जागरूकता योजनाएं भी धारा 2 (जी) के तहत परिभाषित की गई है। इसके अलावा अधिनियम अध्याय छः लोक अदालतों की शुरुआत और संरचना के लिए निर्धारित करता है। लोक अदालत एक ऐसी अदालत है जहां अदालत में या पूर्व-मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादों/मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया जाता है। लोक अदालतों में सेवारत/सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ राज्य/जिला प्राधिकरण या सर्वोच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति या उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्र के अन्य व्यक्ति शामिल होते हैं।

अधिनियम का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधानों में से एक धारा 12 है। यह धारा कानूनी सेवाएं देने के लिए मापदंड निर्धारित करती है। प्रत्येक व्यक्ति जिसे कोई मामला दायर करना या बचाव करना है, इस अधिनियम के तहत कानूनी सेवाओं का हकदार होगा। इस वर्ग में अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति समुदाय का व्यक्ति, निर्धन व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय उच्चतम न्यायालय में मामलों के लिए पचास हजार रुपए है और अन्य न्यायालयों में आय का स्तर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा जो राज्यवार अलग-अलग होता है। इसमें वह व्यक्ति भी शामिल है जो मानवों के अवैध व्यापार से पीड़ित हैं अथवा भिक्षुक, महिला अथवा बच्चा है। व्यापक विनाष, जातीय दंगा, जातीय प्रताड़ना, बाढ़ सूखे, भूकम्प से प्रभावित व्यक्ति औद्योगिक कर्मकार भी इसमें सम्मिलित है। साथ ही सुरक्षात्मक अभिरक्षा सहित सभी प्रकार की अभिरक्षा में रखे व्यक्ति जैसे बाल अपराध, गृह तथा मानसिक अस्पताल में रखे गए व्यक्ति आदि। इसका अर्थ है कि हिरासत में रखा गया व्यक्ति चाहे वह अंडरट्रायल हो या दोषसिद्ध, वह निशुल्क कानूनी सहायता का हकदार है।

हर साल नौ नवंबर को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में कानूनी सेवा दिवस मनाया जाता है। अधिनियम के साथ राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण (नालसा) को कानूनी सहायता के लिए सर्वोच्च निकाय के रूप में स्थापित किया गया। इस विचार को सन् 1987 में कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम के पारित होने और 1995 में नालसा की स्थापना के बाद इसे एक औपचारिक आधार दिया गया था। तब से यह उन लोगों के लिए आशा का प्रतीक बन गया है जिनके पास इसकी कमी है। लेकिन जैसा कि सरकारी सहायता में होता है, यह उतना आसान भी नहीं है। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट, 2019 के अनुसार भारत के 130 करोड़ लोगों में से 80 प्रतिशत से अधिक लोग कानूनी सहायता के लिए पात्र हैं। हालांकि, 1995 के बाद से केवल डेढ़ करोड़ लोग ही इससे लाभान्वित हुए हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद एक वकील का चयन करने में सप्ताह या महीने और सहायता देने में भी लग सकते हैं।

नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली की रिपोर्ट में एक और चिंताजनक बात सामने आई है। यह रिपोर्ट प्रदान की गई कानूनी सहायता सेवाओं की गुणवत्ता पर भरोसा और भरोसे की कमी का संकेत देती है। उक्त रिपोर्ट के आंकड़े 18 राज्यों और 36 जिलों से एकत्र किए गए थे। प्राथमिक आंकड़ों 3,029 कानूनी सहायता लाभार्थियों, 609 न्यायिक अधिकारियों, 1,007 सूचीबद्ध कानूनी सहायता अधिवक्ताओं, 33 नियामकों/सचिवों और 3120 महिलाओं से एकत्र किए गए थे। सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि प्राप्तकर्ता मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं का चयन करते हैं क्योंकि उनके पास निजी वकील को नियुक्त करने के लिए धन की कमी होती है। इसके अतिरिक्त 22.6 प्रतिशत लाभार्थियों ने कहा कि वे दुसरी बार मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं का चयन नहीं करेंगे। सर्वेक्षण के अनुसार 60 प्रतिशत महिलाएं जो मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में जानती थीं। उन्होंने निजी वकील का विकल्प चुना क्योंकि उनका अपने कानूनी सलाहकार पर अधिक विश्वास था। लगभग 75 प्रतिशत प्राप्तकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने मुफ्त कानूनी सहायता को चुना क्योंकि उनके पास भुगतान किए गए निजी वकील को नियुक्त करने के लिए धन और संसाधनों की कमी थी। यदि उनके पास निजी वकीलों को नियुक्त करने का साधन होता, तो वे कानूनी सहायता सेवाओं के लिए कभी संपर्क नहीं करते।

प्रत्येक अधिवक्ता को सरकार और अदालतों द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कम से कम निस्वार्थ मामलों को लेने के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसे वरिष्ठ अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के चयन का एक मापदंड भी बनाया जाना चाहिए। इसके लिए कानूनी सहायता को अभी भी भारत की नैदानिक कानूनी शिक्षा में शामिल किया जाना आवश्यक है। संयुक्त राष्ट विकास कार्यक्रम के अनुसार कानून स्कूलों में कानूनी सहायता केंद्र जनता के बीच कानूनी साक्षरता बढ़ाने और संबंधित सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कई देषों में यह एक अच्छी तरह से स्थापित प्रथा है। उदाहरण के लिए अमेरिका में एक अध्ययन से पता चला है कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कानूनी क्लीनिक प्रति वर्ष औसतन 104 मामलों को संभालते हैं। कानूनी सहायता के लिए लॉ स्कूलों की भागीदारी में वृद्धि भी आवश्यक है।

यह भी आवश्यक है कि नालसा को आवंटित बजट के साथ-साथ प्रति व्यक्ति खर्च में वृद्धि भी की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त कंपनियों के लिए भी यह प्रावधान किया जा सकता है कि वे कानूनी सहायता के लिए और सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पैनल वकीलों के मुआवजे को बढ़ाने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) निधियों को खर्च करें। आर्थिक संसाधन बढ़ाने पर ही कानूनी सहायता संस्कृति को पुनर्जीवित करने की दिषा में किया जा रहा प्रयास सार्थक हो सकेगा। भारत के नागरिकों का एक बढ़ा प्रतिशत अशिक्षित है। वह न तो कानूनी प्रक्रिया से वाकिफ है और न ही उसकी प्रणालियों से परीचित है। आम जनता अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग नहीं है। भारत में कई ऐसे लोग हैं जो कानूनी मदद इसलिए नहीं ले पाते हैं क्योंकि वे सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। ऐसे लोग अपने प्रकरणों में पसंद के वकील का चुनाव नहीं कर पाते हैं। वकीलों की फीस इतनी मोटी होती है कि वे उनकी सेवाएं नहीं ले पाते हैं। भारत में कानूनी सहायता प्रणाली अपेक्षाकृत अप्रभावी साबित हुई जिसके कई कारण हैं।

गत कुछ वर्षों में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की फंड में पांच गुना की वृद्धि हुई है। केंद्रीय बजट के अनुसार जो राशि प्राधिकरण को दी जाती है उसमें विधि अधिकारियों, कानूनी सलाहकारों एवं परामर्शदाताओं और गरीबों (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से) का हिस्सा होता है। लेकिन प्राधिकरण के सचिवालय एवं इसके प्रशासन और प्रबंधन पर कितना व्यय होता है, इसका आंकड़ा नहीं उपलब्ध नहीं है। यह एक चिंता का विषय है जिसका समुचित समाधान खोजना ही होगा, अन्यथा यह विगत अनुभवों के अनुसार कमजोर वर्ग को दी जाने वाली सहायता के रास्ते में एक बाधा बनकर सदैव खड़ा रहेगा।

# हमारी फौज और गुलामी के प्रतीक

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारतीय फौज से गुलामी के प्रतीकों को हटाने के अभियान का तहे-दिल से स्वागत किया जाना चाहिए। दो सौ साल का अंग्रेजी राज तो 1947 में खत्म हो गया लेकिन उसका सांस्कृतिक, भाषिक और शैक्षणिक राज आज भी भारत में काफी हद तक बरकरार है। जो पार्टी याने कांग्रेस दावा करती रही भारत को आजादी दिलाने का, उसने अंग्रेज की दी हुई राजनीतिक आजादी को तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे जो खुद करना था याने देश के हर क्षेत्र से गुलामी को दूर करना, उसमें उसका योगदान बहुत ही शिथिल रहा। यह काम अब भाजपा सरकार भी कुछ हद तक जरूर कर रही है। उसके नेताओं को यदि उस गुलामी की पूरी समझ हो तो वे इस अमृत महोत्सव वर्ष में ही संपूर्ण पराधीनता मुक्त अभियान की शुरुआत कर सकते हैं।

फिलहाल हमारी फौज में पराधीनता के एक प्रतीक को हटाया गया उस समय, जब विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को समुद्र में छोड़ा गया। उस जहाज पर लगे हुए सेंट जार्ज के प्रतीक को हटाकर उसकी जगह शिवाजी का प्रतीक लगाया गया। यह मामला सिर्फ प्रतीकों तक ही सीमित नहीं है। जातियों के नाम पर सेना की टुकड़ियों के भी नाम तुरंत बदले जाने चाहिए। 1857 के स्वातंर्त्य संग्राम से घबराए अंग्रेज शासकों ने भारतीय लोगों को जातियों में बांटने की तरकीबें शुरु की थीं, उनमें से यह भी एक बड़ी तरकीब थी।

उन्होंने शहरों और गांवों के नाम भी अंग्रेज अफसरों के नाम पर रख दिए थे। जगह-जगह उनके पुतले खड़े कर दिए थे। मुझे याद है कि अब से लगभग 50 साल पहले अहमदाबाद में लगा किसी अंग्रेज का पुतला मैंने तोड़ा था, वह भी राजनारायणजी (इंदिरा गांधी को हरानेवाले) के कंधे पर चढ़कर! कांग्रेस सरकारों ने सड़कों के कुछ नाम तो बदले लेकिन हमारी फौज में अभी भी अंग्रेजों का ढर्रा चल रहा है। कांग्रेस सरकार के रक्षा मंत्रालय की हिंदी समिति के सदस्य के नाते मैंने अंग्रेजी में छपी फौज की सैकड़ों नियमावलियों को हिंदी में बदलवाया ताकि साधारण फौजी भी उन्हें समझ सकें।

इस समय फौज में डेढ़ सौ ऐसे नियम, नाम, इनाम, परपराएं, रीति-रिवाज और तौर-तरीके हैं, जिनका भारतीयकरण होना जरुरी है। 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह में 'एबाइड विथ मी' गाने की जगह लता मंगेशकर के 'ऐ, मेरे वतन के लोगों' को शुरु करना तो अच्छा है लेकिन जहां तक फौज के भारतीयकरण का प्रश्न है, उसे अंग्रेजों के रीति-रिवाज से मुक्त करवाना जितना जरुरी है, उतना ही जरुरी है, अपनी फौज को आत्म-निर्भर बनाना! आज भी भारत को अपने अत्यंत महत्वपूर्ण शस्त्रास्त्रों को विदेशों से आयात करना पड़ता है। उन पर अरबों रु. खर्च करने होते हैं। यदि आजादी के शताब्दि वर्ष तक हम पूर्णरूपेण आत्म-निर्भर हो जाएं और अमेरिका तथा यूरोपीय राष्ट्रों की तरह शस्त्रास्त्रों के निर्यातक बन जाएं तो भारत को महाशक्ति होने से कौन रोक सकता है?

# बहुत किया जाना शेष है, हवाई यातायात में

**-राकेश दुबे**

देश में हर वर्ष करीब से 6 प्रतिशत् की दर से हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धि दर्ज हुई है । भारतीय हवाईअड्डों पर भीड़भाड़ बढ़ रही है। अधिकतर बड़े हवाईअड्डे अपनी हैंडलिंग क्षमता से 85प्रतिशत से 120 प्रतिशत पर काम कर रहे हैं। अब देश में चालू हवाई अड्डों की संख्या 140 हो गयी है7 वर्ष 2014 में, ऐसे हवाई अड्डों की संख्या 74 थी. केंद्र सरकार ने आगामी पांच वर्षों में 220 हवाई अड्डों के विकास और संचालन का लक्ष्य निर्धारित किया है7 ऐसे में बहुत कुछ होना शेष है।

सरकारी आंकड़ो के अनुसार देश के प्रमुख हवाईड्डों में लगभग 83 प्रतिशत कुल यात्री यातायात है। ये हवाईअड्डे अपनी सैचुरेशन लिमिट के बहुत करीब हैं और इसलिए मंत्रालय का कहना है कि टियर-द्वद्ध और टियर-द्वद्वद्ध शहरों को अधिक संख्या में एविएशन नेटवर्क से जोड़ने की जरूरत है। क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सस्ता बनाने के लिए 2016 में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना को शुरू किया गया। 2016-17 से 2021-22 के दौरान पांच वर्षों के लिए इस योजना का बजट 4,500 करोड़ रुपए है। 16 दिसंबर, 2021 तक इसके लिए 46प्रतिशत राशि को जारी कर दिया गया है। 2022-23 में इस योजना के लिए 601 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया जोकि 2021-22 के संशोधित अनुमानों (994 करोड़ रुपए) से 60 प्रतिशत कम है। उल्लेखनीय है कि महामारी के दौरान उड्डयन क्षेत्र को भारी नुकसान सहना पड़ा था और एयरलाइन कंपनियां अभी भी घाटे की भरपाई में जुटी हुई हैं।

विशेषज्ञों का आकलन है कि 2024 तक भारत का उड्डयन बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन जायेगा. अर्थव्यवस्था में तीव्र वृद्धि को बनाये रखने के लिए नये हवाई अड्डों और अन्य संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना आवश्यक है। कहने को व्यावसायिक और यात्री आवागमन के साथ-साथ पर्यटन के व्यापक विस्तार को भी ध्यान में रखा जा रहा है7 आज मध्य आय वर्गीय परिवारों की आमदनी बढ़ने, उड़ान सेवा में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार के साथ सकारात्मक नीतिगत आधार के कारण यह क्षेत्र बढ़ता जा रहा है7 वर्ष 2010 में हमारे देश में 7.90 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की थी7 वर्ष 2017 में यह आंकड़ा 15.80 करोड़ हो गया7 अनुमान है कि 2037 तक यह संख्या 52 करोड़ तक पहुंच जायेगी7 वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में देश की आर्थिक प्रगति के लिए गति शक्ति योजना के तहत जिन सात इंजनों का उल्लेख किया गया था, उसमें एक हवाई अड्डों का विस्तार भी था।

भारतीय उड्डयन बाजार के लगभग 14-15 प्रतिशत वार्षिक विकास दर के साथ 2025 तक 4.33 अरब डॉलर होने का अनुमान है7 इस क्षेत्र में सेवाओं का विस्तार और उनकी गुणवत्ता बढ़ाने के काम में ढेर सारी कंपनियों के साथ 42 से अधिक स्टार्टअप भी सक्रिय हैं7पायलट और अन्य कर्मचारियों की मांग भी बढ़ती जा रही है7 अभी देश में 34 उड़ान प्रशिक्षण संस्थान हैं7 इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है7 माना जा रहा है कि 2026 तक भारतीय ड्रोन उद्योग का आकार भी 1.8 अरब डॉलर हो जायेगा7 इसके लिए भी संचालकों की मांग बढ़ेगी. उड़ान कंपनियों को सुरक्षा पर भी समुचित ध्यान देना चाहिए।

देश में नागरिक उड्डयन से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाने, उसे अपग्रेड करने, उसके रखरखाव और प्रबंधन का काम भारतीय एयरपोर्ट अथॉरिटी (एएआई) के जिम्मे है। कुछ हवाईअड्डों का स्वामित्व एएआई के पास है और कनसेशन की अवधि पूरी होने के बाद कुछ निजी हवाई अड्डों का परिचालन एएआई के पास वापस चला जाएगा। परिवहन संबंधी स्टैंडिंग कमिटी ने कहा था कि सरकार के पास 2024 तक 24 पीपीपी हवाईअड्डे होने की उम्मीद है।

कमिटी ने हवाईअड्डों को कनसेशन पर देने के तरीके में संरचनागत मुद्दों पर गौर किया। अब तक जो कंपनियां सबसे बड़ी राशि की बोली लगाती हैं, उन्हें हवाईअड्डे के परिचालन का अधिकार दिया जाता है। इससे एयलाइन ऑपरेटर ज्यादा प्रभार वसूलते हैं। इस प्रणाली में सेवा की वास्तविक लागत पर ध्यान नहीं दिया जाता और एयरलाइन ऑपरेटरों की लागत में बेतहाशा बढ़ोतरी होती है। जिसका सीधा असर उपभोक्ता की जेब पर होता है 7भविष्य में नीतियों से संबंधित मुद्दों में एएआई की बड़ी भूमिका होगी जिसमें अच्छी क्वालिटी, सुरक्षित और ग्राहक अनुकूल हवाईअड्डे और एयर नैविगेशन सेवाएं प्रदान करना शामिल है।

# सास से दो कदम आगे एक बहू

**राकेश अचल**



ग्वालियर के सिंधिया घराने की बहू श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे अचानक अपने महल से बाहर निकल कर नगरवासियों के बीच पहुंची तो अखबारों और चैनलों की सुर्खी बन गईं ।वे 28 साल पहले ग्वालियर में बहू बनकर आईं थीं ।और अचानक उन्होंने अपने लिए शायद नयी भूमिका चुन ली है।

नई इसलिए क्योंकि जिस तरह से उन्होंने सार्वजनिक जीवन में ' एन्ट्री ' मारी है ,उस तरीके से सिंधिया परिवार की कोई और महिला सक्रिय नहीं हुई। श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे 1994 में सिंधिया परिवार में शामिल हुई थीं ।वे आज के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी बनकर बड़ौदा से ग्वालियर आईं थीं। पिछले 28 साल से वे महल में ही सीमित हैं ।जय विलास पैलेस म्यूजियम के अलावा महल के दीगर मामलों का प्रबंधन उनके हाथ में है। वे सिंधिया परिवार की पहली महिला हैं जो सवा लाख वर्ग फुट के महल को छोड़कर सुबह की सैर के लिए महल से एक किमी दूर स्थित कैंसर पहाड़ी पर गयीं।

पिछले पचास साल से मैं ग्वालियर में हूं लेकिन मुझे याद नहीं आता कि पूर्व ग्वालियर रियासत की अंतिम राजमाता श्रीमती विजया राजे सिंधिया से लेकर और कोई महिला महल छोड़ इस तरह बाहर निकली हो। प्रियदर्शिनी की इस पहल से ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि उन्होंने ने ग्वालियर में प्रदेश के पहले कैंसर अस्पताल की वजह से कैंसर पहाड़ी कहे जाने वाले क्षेत्र का राय बदलने के लिए न केवल रायशुमारी कर डाली बल्कि एक ङ्क दो नये नाम भी सुझा दिए।

प्रियदर्शिनी राजे चाहती है कि कैंसर पहाड़ी का नाम या तो संजीवनी हिल हो या शीतला हिल ।उनका सुझाव काबिले तारीफ है ।इस बारे में पहाड़ी पर कैंसर अस्पताल बनवाने वाले पूर्व मंत्री शीतला सहाय के परिजनों या किसी अन्य जनप्रतिनिधि ने भी नहीं सोचा था।

ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां श्रीमती माधवी राजे सिंधिया अपने पति माधवराव सिंधिया के रहते उनके राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेती थी, लेकिन चुनाव समाप्त होने पर उनकी सक्रियता भी बंद हो जाती थी। माधवराव सिंधिया के आकस्मिक निधन के बाद श्रीमती माधवी राजे कभी सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आयीं। वे ग्वालियर भी जब तब आती हैं।

महल की एक और सदस्य श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया और उनकी मामी श्रीमती माया सिंह को भी किसी ने महल के बाहर सैर करते नहीं देखा ।महल के अपने कायदे कानून हैं। इन्हें तोड़ना आसान नहीं होता। राजमाता श्रीमती विजया राजे सिंधिया अपने पति के रहते तात्कालिक परिस्थितियों के चलते राजनीति में सक्रिय हुईं थीं। लेकिन श्रीमती माधवी राजे ने अपनी सास की तरह राजनीति को नहीं चुना।

स्थानीय जन मानस में प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया को स्थानीय मीडिया ' महारानी ' की तरह प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए महल में बाकायदा विशेषज्ञ दल है ।इसे देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया आगे -पीछे राजनीति में सक्रिय हो सकती हैं। हालांकि महल की राजनीतिक विरासत के उम्मीदवार उनके इकलौते बेटे महा आर्यमान सिंधिया हैं ।उनकी उम्र भी चुनाव लड़ने की हो गई है ।माना जाता है कि भाजपा यदि सिंधिया परिवार पर मेहरबान रही तो 2024 में होने वाले आम चुनाव में महल को पहले की तरह दो सीटों से चुनाव मैदान में उतार सकती है।

सिंधिया परिवार में राजमाता विजया राजे सिंधिया के बाद उनकी दो बेटियां श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया, और श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया के अलावा ननद श्रीमती माया सिंह सक्रिय राजनीति में हैं। यदि श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया को भी उनके पति श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अनुमति दी तो वो पांचवी महिला होंगी जो राजपथ से लोकपथ पर खड़ी नजर आएंगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com

## दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

छतरपुर। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 08.09.2020 को अभियोक्त्री अपनी मां व पिता के साथ थाना-राजनगर आकर इस आशय की मौखिक रिपोर्ट लेखबद्ध करायी कि दिनांक 07.09.2020 को दोपहर करीब 3 बजे उसकी मां खाना बना रही थी, पिता काम पर गये थे। वह घर के पास बने कच्चे टूटे घर में बाथरूम करने गयी थी तो खेत तरफ से आरोपी आया और उसे गिरा दिया और उसके साथ गलत काम करने लगा, वह चिल्लायी तो उसका मुंह दबा दिया और करीब 1 घंटे में उसके साथ तीन बार गलत काम किया। गलत काम करने के बाद जाति सूचक गाली देते हुए चला गया और बोला कि यदि यह बात अपने मां-बाप को बतायी या थाना रिपोर्ट करने गयी तो जान से खत्म कर दूंगा। मां-बाप के डर के कारण खेत में छिपी रही और रात में 9 बजे घर आयी और घटना के बारे में अपने मां-बाप को बतायी। पीड़िता की मौखिक रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर बाद विवेचना अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

**एक और मामले में सजा:** अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 05.10.19 को सुबह 07 बजे पीड़िता के दादा ने थाना में लिखित आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया कि उसका बड़ा लड़का अपनी पत्नि के साथ बाहर मजदूरी करता है उसके बच्चे उसके साथ गांव में रहते है दिनांक 05.10.19 को रात्रि 12 बजे वह पेशाब करने उठा, बाहर वाले घर का दरवाजा खुला था, उसने देखा कि उसकी मझली नातिन उम्र 14 वर्ष 10 माह घर पर नही थी। आरोपी तीन-चार दिन से उसके घर के आस-पास घूमता फिरता था तो उसने आरोपी के घर जाकर देखा तो उसकी नातिन उसके घर के अंदर थी, नातिन ने बताया कि आज रात को आरोपी ने उसे फोन लगा कर बहला फुसलाकर मारने की धमकी देकर अपने साथ घर के अंदर ले गया और उसके साथ गलत काम किया। सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया।

## घर घर पेपर वितरक करने वालों का सीपीएल के मंच पर हुआ गर्मजोशी से सम्मान




छतरपुर। आज सीपीएल के मंच पर पेपर वितरक करने बालों का पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा मंच पर सम्मान किया गया जिसमें सभी पेपर वितरक भाई शामिल हुए सभी को साल श्रीफल देकर बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया द्वारा सम्मान किया गया इस मौके पर पेपर वितरक लल्लू माली ने कहा कि पुष्पेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू भैया को सभी का सम्मान करना आता है और कहा कि हम जैसों को इस मंच पर आज सम्मान होने का मौका मिल रहा है जिससे कि पेपर वितरकों में काफी उत्साह देखा गया और पेपर वितरकों ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर में होते रहना चाहिए इस मौके पर उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे पेपर वितरक भाइयों की मेहनत का ही फल है कि हमें सुबह से अपने घर पर पेपर और शहर की तमाम खबरें पढ़ने को मिलती हैं बारिश हो या कड़कड़ाती ठंड हो लेकिन पेपर भाइयों द्वारा हर दिन हम और आप के घर पर पेपर पहुंचाने का काम जिस प्रकार से करते हैं वह अपने आप में बेहद कठिन है इस दौरान श्रीमती अर्चना सिंह,उपेंद्र प्रताप सिंह,रणवीर पटेरिया,डॉ राहुल परमार,विनय पटेरिया,सुरेंद्र, गौरव गोस्वामी,, रवि त्रिपाठी,रज्जन परमार, विक्की यादव,आशीष पाठक, अश्वनी मिश्रा,काली,नितिन मिश्रा, महेंद्र शर्मा,सुरेंद्र साहू,जितेंद्र घोष, मुन्ना घोष,रॉकी परिहार,राजा भदोरिया,जितेंद्र सिंह,अप्पू राजा, सोनी,अनिमेष द्विवेदी,हरिओम त्रिपाठी,कौशलेंद्र सिंह सहित दर्शक मौजूद रहे।

## क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज में तीन दिवसीय स्पोर्टस-डे का शुभारंभ

छतरपुर। क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज में तीन दिवसीय स्पोर्टस-डे का आज संस्था की वाइस चेयरमैन अर्पणा मैसी ने फीता काटकर और मशाल जलाकर भव्य शुभारंभ किया। इस दौरान संस्था की वाइस चेयनमैन अर्पणा मैसी ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि खेल कूद प्रतियोगितायें बच्चों के शारीरिक विकास ही नहीं करता बल्कि वैद्विक विकास भी करते है और आपस में मिलजुल कर भाईचारे में रहने की शिक्षा भी देते है। अर्पणा मैसी ने बच्चों को प्रतियोगिताओं में सफल होने की शुभकमानाएं दी। संस्था के प्राचार्य अरूणेश जोन लाल, पूर्व प्राचार्य श्रीमती शशि ब्राउन सहित संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्य अतिथि अर्पणा मैसी का पुष्प-गुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया। क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज के प्राचार्य अर्नेश जोन लाल ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी और तीन दिन तक होने वाली विभिन्न क्रीडा प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। वाइस चेयरमैन अर्पणा मैसी, प्राचार्य अरूणेश जोन व पूर्व प्राचार्य श्रीमती शशि ब्राउन ने आकाश में गुब्बारा छोड़कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन सुनील खरे और श्रीमती कमलेश चौरसिया ने किया।

## हर घर में नल से जल पहुंचने पर खुश है ग्रामवासी

सीहोर। राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत चलाई जा रही नल जल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामवासियों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। नल जल योजना से अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को पानी की समस्या से निजात मिली है। गांव में घर पर पेयजल की उपलब्धता होने से लोगों को अब पानी के लिए कहीं भटकना नही प?ता। जल जीवन मिशन के तहत जिले के अनेक गांवों में भी नल के माध्यम से घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। सीहोर विकासखण्ड के ग्राम रायपुरा में भी नल जल योजना के तहत 247 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए है। ग्राम रायपुरा में 2800 मीटर की पाइप लाइन बिछाई गई है, जिससे सभी घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। साथ ही पहाड़ी पर गांव से एक किलोमीटर दूर एक लाख 50 हजार लीटर क्षमता का आरसीसी का ग्राउण्ड सर्विस रिजर्वायर बनाया गया है। गांव में पिछले एक माह से प्रतिदिन ग्रामवासियों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है। नल जल योजना से रायपुरा गांव के सभी ग्रामवासी खुश हैं।

## काले हिरण के 2 शिकारियों को तीन-तीन साल की सजा

सीहोर। जिले में काले हिरण का शिकार करने वाले दो लोगों को कोर्ट ने तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही दो-दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जानकारी के अनुसार मामला सीहोर जिले के ग्राम लसूडिया का है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी महेन्द्र सितोले ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मां वैष्णवी वेयर हाउस के सामने भगतजी सेंधव के खेत के पास एक कृष्ण मृग का दो व्यक्तियों ने शिकार किया है और चाकू से उसकी गर्दन काट रहे हैं। थाना प्रभारी मय स्टाफ के मौके पर पहुंचे। पुलिस की गाड़ी को आता देख दोनों व्यक्ति बाइक से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन दोनों ने अपना नाम अमीन पिता रईस खा (30) निवासी जुम्मापुर आष्टा, यासीन पिता नईम खा (25) निवासी पुराना दशहरा मैदान टेकरी आष्टा बताया। साथ ही शिकार करना स्वीकार किया।

### आयुष्मान कार्ड हेतु मेगा कैंप का आयोजन 14 को

# ओपीडी पर्ची और राशन कार्ड में दर्ज हो आयुष्मान पंजीयन



छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी आर ने सोमवार को की गई टीएल की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि शेष बचे लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये छतरपुर जिले में 14 दिसम्बर को मेंगा कैंप आयोजित करें। चिकित्सालय में उपचार के लिये आने वाले ओपीडी पर्चे में रोगी के आयुष्मान कार्ड का विवरण अनिवार्य रूप से अंकित करें, इसी तरह राशन दुकानों के उपभोक्ता जिनके आयुष्मान कार्ड बन चुके है उनका पंजीयन नम्बर राशन कार्ड पर अंकित करें।

जिला चिकित्सालय में दिव्यांगों के लिये विशेष शिविर आयोजित करें। आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम एक नहीं बल्कि वार्डवार हो। सभी सेवा सुविधा के लिये आयुष्मान कार्ड का उपयोग शुरू करें। आयुष्मान कार्ड बनाने की जनजागरूकता के लिये ऐसे क्षेत्र जहां आम लोगों का आवागमन बना रहता है वहां होर्डिग्स लगाये। मेले एवं हाट बजारों, मॉल एवं थ्रेटर में भी आयुष्मान कार्ड की प्रचार गतिविधि करें।

सीएम आवासीय भू-अधिकार कार्यक्रम में अर्जित उपलब्धि की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने निर्देश दिये की मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता से जुड़े। इस अभियान में संवेदनशीलता दिखाये और हितग्राहियों को प्राथमिकता से लाभ दिलाये। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कार्यालय प्रमुखों को शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक समाधान करने और एल-1 लेवल पर ही निराकरण करने पर जोर दिया गया। पीएम आवास प्लस और पीएम आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा में निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये गये।

जिला शिक्षा अधिकारी डीपीसी को निर्देशित किया गया कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों की निजी शिकायतों के समाधान के लिये विशेष शिविर आयोजित करें। इस कार्य के लिये जनसुनवाई में विभागीय कर्मचारी उपस्थित न हो और जिला स्तरीय जनसुनवाई स्तर पर ही कर्मचारियों की तैनाती की जाये जो जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों पर समाधान पूर्वक कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रचार संबंधी गतिविधियों को विस्तारिक करने पर जोर दिया। इस हेतु छतरपुर शहर के दुकानदार एवं अन्य व्यवसाय करने वाले लोगों को समझाइस दें कि कचरा डस्टबिन में ही डाले, सड़कों पर नहीं फैलाये। समग्र स्वच्छता के लिये शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिग्स लगाये जाये। उन्होंने निविंदा प्रकाशन के संबंध में निर्देश दिये कि संबंधित विभाग प्रिबिड प्रक्रिया को अपनाये संबंधित ठेकेदारों को टेंडर के संबंध में समक्ष में बुलाकर चर्चा करें।

## औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज ना होने से क्षेत्र की जनता परेशान



**औबेदुल्लागंज।** आज दोपहर 2-30 बजे से ओवरब्रिज से ट्रेन रोको ट्रेन रोको का विशाल जुलूस व्यापार महासंघ प्रेस क्लब विकास समिति छात्र संघ समरसता सामाजिक संगठन के तत्वधान में गणमान्य नागरिकों ने निकाला।रेलवे स्टेशन पर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड नई दिल्ली जी एम रेलवे जबलपुर एवं डी आर एम भोपाल के नाम का ज्ञापन स्टेशन मास्टर और जी आर पी आर पीए फ के अधिकारियों को दिया।वहीं तहसीलदार को ज्ञापन मुख्यमंत्री और कलेक्टर का दिया।आज लोगों ने कहा कि यह ज्ञापन आखरी है अब ज्ञापन नहीं देंगे अब ट्रेनों के स्टॉपेज हो।11 माह में 15 बार ज्ञापन दे चुके हैं मगर ट्रेनें नहीं रुकी।सांसद रमाकांत भार्गव और विधायक सुरेंद्र पटवा ने भी रेल मंत्री जी एम डी आर एम को पत्र लिखे सांसद ने लोकसभा मैं मुद्दा उठाया फिर भी ट्रेनें नहीं रुकी।28 जनवरी 2022 को धरना दिया था तब दो ट्रेनों का आश्वासन दिया था।सितंबर 2022 में डी आर एम ने औबेदुल्लागंज में कहा था कि मैंने प्रस्ताव दिया है अक्टूबर के नए टाइम टेबल में 4 ट्रेनों के स्टॉपेज का आएगा मगर नया टाइम टेबल भी आ गया फिर भी ट्रेनें नहीं रुकी।आसपास के ग्रामों और औबेदुल्लागंज वासियों का धैर्य टूटता जा रहा है।आज रेलवे स्टेशन पर व्यापार संघ अध्यक्ष अशोक मित्तल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक नारी महिला शक्ति की जिला अध्यक्ष आरती यादव भाजपा नेता माखन सेन वरिष्ठ भाजपा नेता जे पी शर्मा व्यापार संघ संरक्षक अशोक सेठी विकास समिति के अनुराग जैन रेल रोको प्रवक्ता ऋषभ जैन ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू पार्षद प्रमोद सेन छात्र नेता अभिषेक सेन कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मग्गू गिरीश चावला नीरज चावला भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता अनिल बाम्बा पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कैलाश नागर आम आदमी पार्टी के शीतल सिंह प्रमोद सराठे प्रेस क्लब अध्यक्ष भारत निहाल भूपेंद्र मेहरा अनिल अरोरा मोहन योगी सुरेश केवट सुदामा तिवारी आशीष दीक्षित पूर्व पार्षद देवेंद्र सिंह डैनी पूर्व पार्षद जगदीश चंदानी आदि लोग उपस्थित थे

## मैराथन दौड़ में एक सैकड़ा से अधिक बच्चों ने की शिरकत

### अनुज प्रथम, चेतना को मिला द्वितीय स्थान



बैतूल। सरस्वती शिशु मंदिर धामनगांव के पूर्व छात्रों द्वारा सुबह गांव में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ में अंडर 15 वर्ष आयु के एक सैकड़ा से अधिक बच्चों ने भाग लिया। शिक्षक लवलेश आजाद ने दौड़ का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता अनुज नारायण पांसे को 501 एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा चेतना घोरसे को 101 नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक लवलेश आजाद ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्रों द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया। इससे ग्राम के सभी छात्रों में शारीरिक विकास, प्रतियोगिता के प्रति आकर्षण, जागरुकता, खेलो में रुचि बढेगी। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेल भी आपके लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। सशक्त मस्तिष्क के लिए खेलों में हिस्सेदारी जरूरी होती है और शरीर को स्वस्थ तथा मजबूत बनाने के लिए छात्रों के लिए खेल अनिवार्य है। खेल खेलने से मनुष्य को संघर्ष करने की आदत लगती जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों को अनुसाशन में रहकर खेल को खेलने की सलाह भी दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र ग्राम के उप सरपंच सुखदेव देशमुख, प्रतीक लहरपुरे, शुभम बसंतपुरे, प्रकाश साहू, नरेंद्र धुर्वे, राहुल लोखंडे, सुखराम लहरपुरे, दीपक लहरपुरे, मयूर लहरपुरे का सराहनीय योगदान रहा।

## स्कूलों में बच्चों को स्वास्थ्य व एनीमिया के प्रति जागरुकता की जानकारी दी

खण्डवा आयरन डेफिसिएंसी एनीमिया जागरुकता के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता व सीएचओं के द्वारा ग्रामीणों क्षेत्रों के अलग अलग स्कूलों में जाकर छात्र छात्राओं को एनीमिया के लक्षण व उससे बचाव के बारे में बताया गया। जिसे छात्र छात्राओं ने रूची के साथ सुना और एनिमिया, पोषण आहार व स्वास्थ्य संबंधी अपने प्रश्न पूछते हुए खुल कर चर्चा की और प्रश्नों के उत्तर भी दिये गये। सीएचओं द्वारा बच्चों को समझाइश देते हुए एनीमिया के लक्षण बताये जैसे जल्दी थक जाना, सांस फुलना, सुस्ती व नींद रहना, भूख न लगाना, पढ़ाई खेल या अन्य कार्य में मन नही लगना। ऐसे सभी लक्षणों से बचने के लिए आयरन, प्रोटीन, बी-12 युक्त आहार का सेवन अधिक करे। साथ ही आईएफए सप्लीमेंटेष भी जरुरी है जो स्कूलों में तथा स्कूल जाने वाले बालकों बच्चों और किशोरों को आंगनवाड़ी केंन्द्र में हर हफ्ते निःशुल्क खिलाया जाएगा। एनिमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो शारीरिक व मानसिक क्षमता पर विपरीत प्रभाव डालते हुए पूरे जीवन चक्र को प्रभावित करता है इसके लिए हम सभी को जागरूक रहने की जरूरत है।

## आपकी मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत कराउंगा:हेमंत खंडेलवाल

### समग्र शिक्षक संघ ने हेमंत खंडेलवाल से की भेंट



बैतूल। समग्र शिक्षक संघ ने शिक्षकों की पदनाम से संबंधित को लेकर पूर्व सांसद और अध्यक्ष कुषाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी समारोह समिति मप्र हेमन्त खण्डेलवाल से भेंट की। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने श्री खंडेलवाल को अवगत कराया है कि प्रदेश में कार्यरत शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के लगभग 85000 पुराने संवर्ग के नियमित शिक्षकों को 25 से 40 वर्ष कि सेवा करते हुए एक ही पद से लगातार सेवानिवृत्त होते जा रहे है। किन्तु सेवाकाल मे एक भी पदोन्नति प्राप्त नही हो पाई है। पदोन्नति का लाभ प्राप्त नहीं होने से वरिष्ठ शिक्षक के आत्म सम्मान को ठेस पहुँच रही है। संगठन द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा 23 दिसम्बर 2017 को नियमित शिक्षकों को पदनाम दिए जाने कि घोषणा की गई। जबकि अन्य विभाग के कर्मचारियों को पदनाम का लाभ शासन द्वारा प्रदान किया गया है। संगठन ने मांग की है यदि वनस्टेपअप पदनाम प्रदान किया जाता है तो शासन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। श्री खण्डेलवाल द्वारा संगठन को आश्वासन दिया कि पुराने नियमित शिक्षकों की मांग को मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री से भेंट कर उनके द्वारा अवगत कराया जाएगा। भेंट में संगठन की ओर से प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तमराव ठाकरे, प्रांतीय महामंत्री नारायणसिंह नगदे, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू, रविकिरन तायवाडे अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## किराड़ समाज ने शिवमहापुराण में किया प्याऊ का शुभारंभ

### मंगल भवन में रूकने की निःशुल्क व्यवस्था की

बैतूल। एक सप्ताह तक चलने वाली शिव महापुराण प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से शुरू हुई। जिसमें लाखों भक्तजन कथा श्रवण करने पहुंच रहें हैं। महापुराण कथा श्रवण करने आने वाले भक्तों को निःशुल्क जल सेवा किराड महासभा के द्वारा की जा रही है। सोमवार को निःशुल्क जल सेवा प्याऊ का सामाजिक बंधुओं ने फीता काटकर शुभारंभ किया। प्याऊ के माध्यम से लाखों श्रद्धालुओं को लगातार सप्ताह भर पानी पिलाया जाएगा। साथ ही समाज के वरिष्ट उपाध्यक्ष डीएस पटेल व कोषाध्यक्ष नामदेव वर्मा ने बताया कि किराड़ समाज के सदर मंगल भवन में यात्रियों के रूकने की निःशुल्क व्यवस्था भी समाज के ओर से की गई है जिससे की दूरस्थ ग्रामों से आने वाले श्रद्धालुओं को प्रतिदिन आने-जाने में कठिनाई ना हो। संगठन ने कहा है कि भवन में रूकने के लिए कोई भी शुल्क किसी भी व्यक्ति को ना दें। इस अवसर पर किराड़ महासभा के जिला अध्यक्ष दयाल पटेल हारोड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा सूर्यवंशी, नवयुवक जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे, नरेन्द्र सूर्यवंशी, रमेश गढ़ेकर, श्रीराम पटैय्या, सुभाष सोलंकी, मगन पटेल, सेवाराम हारोड़े, केशो सूर्यवंशी, आरके लिल्लोरे, दीपक नरवरे, मनोहर लिल्लोरे, हेमराज घिड़ोड़े, शंकरलाल बनखेड़े, रामदास हारोड़े, गुलाबचंद झपाटे, डॉ.बालाराम झाड़े, बलराम गढ़ेकर, किशोरी नरवरे, माखन सिमैय्या, मनोहर बारपेटे, रोशन पटैय्या, राजेश सिमैया, सदाशिव सोलंकी, घमु लिल्लोरे, माखन डढोरे, कृष्णा अमरूते आदि मौजूद थे।

## पचधार में जय गुरूदेव महाराज का होगा सत्संग

बैतूल। विख्यात संत बाबा जय गुरूदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी एवं जय गुरूदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज का पचधार ग्राम में सत्संग में शुभ आगमन होगा एवं दिव्य आध्यात्मिक सत्संग में शामिल होकर हजारों भक्तों को प्रवचन देंगे। जय गुरूदेव संगत के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह चौहान एवं उपाध्यक्ष बीआर धुर्वे ने बताया कि आध्यात्मिक शक्ति का सहारा करोड़ों लोगों को कलयुग में ईश्वर प्राप्ति की सरल साधना सुरत शब्द योग में के विषय में बताया जाएगा। आयोजन समिति के राधेलाल बनखेड़े व रामकृष्ण झपाटे ने सभी से 20 दिसम्बर को होने वाले इस सत्संग में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों के द्वारा आस-पास के गांवों में बैठकें लेकर सत्संग में शामिल होने का आव्हान किया जा रहा है।

## बेटियों ने पिता की अर्थी को दिया कांधा, नातिन ने दी मुखाग्नि

### समाज में महिलाओं को समान अधिकार का दिया संदेश

बैतूल। कालापाठा क्षेत्र में बेटियों ने सामाजिक परंपरा की बंदिशों को तोड़ते हुए अपने बुजुर्ग पिता की मौत के बाद न केवल उनकी अर्थी को कंधा दिया, बल्कि शमशान तक पहुंचाते हुए बेटे बेटियों की खाई को पाटने का काम किया। यूं कहे कि रुंधे गले और बहते आसुओं के बीच पुरुष प्रधान समाज में बेटियों ने एक उदाहरण पेश कर बता दिया कि बेटा-बेटी समान होते हैं। साबित कर दिया कि बेटे और बेटियां में कोई फर्क नहीं होता है। बेटियों को सामाजिक परंपराओं की बेटियों में बंधे रहने की बात अब पुरानी हो गई है। आज की बेटियों ने सामाजिक परम्पराओं की बंदिशों को तोड़ते हुए बेटों को पीछे छोड़ना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि कालापाठा विकास नगर निवासी कोऑपरेटिव बैंक ऑडिट ऑफीसर जगदीश प्रसाद सक्सेना का 10 दिसंबर को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा विकास नगर सुयोग कॉलोनी स्थित निजी निवास से मोक्ष धाम तक निकाली गई। उनके बेटे नहीं थे। 2 बेटियां थी। शक्ति सक्सेना और छोटी बहन शैलजा जयसवाल। इन बेटियों ने अपने पिता को कांधा दिया। वहीं



दिवंगत जगदीश प्रसाद की नातिन खुशबू और मोना जायसवाल ने मोक्ष धाम में मुखाग्नि दी। इस दौरान मौजूद सभी लोगों की भी आंखें नम थीं। हर शख्स ने बेटियों के हौसले और हिम्मत की सराहना की।

## कौडयिों के दाम किसानों से खेती की जमीन खरीदना चाहता है रेल मंत्रालय

### मध्यप्रदेश सरकार भी दे रही है षड्यंत्र में पूरा साथ

सीहोर। रेसाई पार्वती सिंचाई परियोजना और रामगंज भोपाल रेलवे लाइन के नाम पर श्यामपुर तहसील के 2 दर्जन से अधिक गांवों के किसानों से खेती की जमीन रेल मंत्रालय ओर जलाशय निर्माण विभाग कौडयिों के दाम पर खरीदना चाहता है।

रविवार को ग्राम पंचायत घाट पलासी सोंडा मे किसान पंचायत किसान नेता कृपाल सिंह दांगी की अध्यक्षता और अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश सचिव दास बैरागी के मुख्य वक्तृत्व में आयोजित की गई।

घुमक्कड़ अर्ध घुमक्कड़ बंजारा समाज किसानों को संबोधित करते हुए प्रहलाद दास बैरागी ने कहा कि रेसाई पार्वती सिंचाई परियोजन मे भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार की मदद से रेल मंत्रालय किसानों की खेती की जमीन कौडयिों के दाम खरीदना चाहता है।

किसानो को पूर्व मे राजस्व विभाग द्वारा जो नोटिस दिया गया था वह डेढ एकड का था दुसरी बार जो नोटिस दिया गया वह 2 डेसीमल से 5 डेसीमल का था। किसानो की जो भूमि राजस्व रिकार्ड मे सिंचित थी उस भूमि को असिंचित बताकर मुआवजा जानबूझकर कम दिया जा रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश महासचिव श्री बैरागी ने रोष प्रगट करते हुए कह की जब रजिस्ट्री सिंचित से की जाती तो मुआवजे के नाम पर यह भ्रष्टाचार क्यों किया जा रहा है। यही विडंबना रामगंज से भोपाल रेल लाइन कारण आधिकंश किसानो के साथ बनी हुई है।

बिछिया गांव की भूमि नेशनल हाईवे से लगी होने के वाद भी मुआवज प्रधानमंत्री सड़क के हिसाब से दिया जा रहा है। ग्रामीण लोगो ने इस मामले में ज्ञापन दिए हैं। लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। किसानों को सिंचित भूमि के मुताबिक मुआवजा प्रदान किया जाए भ्रष्टाचार को रोका जाए। जून में आ रहे डूब में आ रहे किसानों की भूमि दुकान पेड़ पौधों का भी मुआवजा दिया जाए। उपरोक्त समस्याओ का निराकरण और मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो नही किया

## प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त डलवाने के लिए हितग्राहियों एसडीएम को दिया ज्ञापन

सिरोंज। सरकार के द्वारा एक तरफभ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ क्षेत्रीय विधायक के द्वारा सख्त तेवर दिखाए जा रहे हैं। इसके बाद भी कई हितग्राहियों को अपना काम करवाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। विकासखंड के अधिकांश कार्यालयों में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है कई अधिकारी कर्मचारी आम जनता का काम तब तक नहीं करते हैं जब तक उनकी जेब गर्म नहीं की जाती है जेब गर्म होते ही सारे नियम एक तरफरख दिए जाते हैं और सेवा नहीं होने पर कई तरह के नियम बताए जाते हैं करते हैं तभी तो स्वीकृति के बाद भी किस्त नहीं डाली जा रही है और कई तरह के बहाने बनाकर उन्हें गुमराह किया जा रहा है। इनकी समस्या को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए आवासों की पहली दूसरी तथा तीसरी किस्त डलवाने के लिए 2 दर्जन से अधिक हितग्राहियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर पहले तो नारेबाजी की फिर किस्त डलवाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि हम लोगों ने कर्ज लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के



अंतर्गत निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है किसी का काम छत लेवल तक होगा या किसी छत लेवल से ऊपर है आगे निर्माण करने के लिए हमारे पास पैसों की कमी है दूसरी और हमने पुराने कच्चे मकानों को तोड़कर पक्के बनाने का काम जल्दी किस्त आने की उम्मीद में शुरू किया था पर नगर पालिका से हमारी किस्त नहीं डाली जा रही है लोग कई बार नगर पालिका में अधिकारी कर्मचारियों के समक्ष पहुंचकर अपनी परेशानी बता चुके हैं इसमें से कई हितग्राहियों को यह भी कहा जा रहा है कि अब हमसे कहा जा रहा है आपने गलत जगह निर्माण कर लिया जो नक्शा दिया था उसके विपरीत निर्माण किया है वह जगह नहीं है इस तरह की बातें करके हमें गुमराह किया जा रहा है निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पहले फोटो खींचे थे पहली और दूसरी किस्त में भी डाल दी गई है अब इस तरह से हम लोगों को परेशान किया जा रहा है जब हमने निर्माण किया था तो उसी समय कमी थी तो निर्माण कार्य नहीं करने दिया था अब हमें किस्त डालने के लिए परेशान किया जा रहा है। किसान नेता ने नगर पालिका में हो रहा है भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि केवल पैसे लेकर किसी भी तरह की जांच पड़ताल नहीं होती और किस्त डालने का काम कर दिया जाता है जिनके पास भ्रष्टाचारियों को पैसे देने के लिए पैसे नहीं है उनको इस तरह से परेशान किया जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है जल्दी ही इन सभी हितग्राहियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त नहीं डाली गई तो हम लोग इनके साथ सड़क पर बैठकर उग्र आंदोलन करेंगे इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की है पहली, दूसरी और तीसरी किस्त डालनी है उनकी सूची भी एसडीएम और तहसीलदार को सौंपी गई है।

## भारत का सबसे बड़ा फैमिली बेकिंग शो- ज़ी एंटरटेनमेन्ट के साथ साझेदारी में फिर से लौटा

**मुंबई, एजेंसी।** परफेट्टी वैन मेल्ले इंडिया की ओर से ओर से भारत के सबसे बड़े जैली ब्रांड एल्पैनलीबे जस्ट जैली ने ज़ी एंटरटेनमेन्ट के साथ साझेदारी में भारत के सबसे बड़े बेकिंग टैलेंट हंट- एल्पैनलीबे जस्ट जैली बेकर्स स्टुडियो के दूसरे सीज़न के लॉन्च की घोषणा की। भारत की नई बेकिंग प्रतिभा की तलाश करना इस शो का मुख्य उद्देश्य है, इसके विजेताओं को आने वाले साल के लिए एल्पैनलीबे जस्ट जैली के शेफ अम्बेसडर का खिताब मिलेगा। परफेट्टी वैन मेल्ले के लिए यह अनूठी अवधारणा वेवमेकर इंडिया द्वारा ज़ी ब्रांड वर्क्स के साथ साझेदारी में पेश की गई है- जो ज़ी एंटरटेनमेन्ट का ब्राण्डेड कंटेंट डिविज़न है। भारत के पहले टीवी बेकिंग रियलिटी शो के रूप में बेकर्स स्टुडियो देश की प्रमुख बेकिंग प्रतियोगिता है जो भारत की बेकिंग कम्युनिटी को दुनिया भर के दर्शकों के समक्ष अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका देती है।

## मध्य प्रदेश रिटेल और फ्रेंचाइजी बिजनेस के सबसे बड़े हब के रूप में उभरा

**भोपाल, एजेंसी।** देश के बेस्ट रिटेल, फूड एफएमसीजी, और एजुकेशन ब्रांड्स ने सर्वसम्मति से मध्य भारत विशेष रूप से भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर को अपने अगले बिजनेस विस्तार के लिए प्रमुख हब के तौर पर चुना है। भोपाल में आयोजित सेंट्रल इंडिया फ्रैंचाइज़ शो 2022 में फैशन, गारमेंट्स, हेल्थकेयर, फिटनेस, शिक्षा और एफएमसीजी का प्रतिनिधित्व करने वाले 500 से अधिक ब्रांड शामिल हुए।एक खास और अनूठे थीम नया साल नया बिजनेस 2023 के साथ सेंट्रल इंडिया फ्रैंचाइज़ शो, हर संभव श्रेणी में 1000 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों को एक साथ लाया। इनमें एक्सक्लूसिव बिजनेस और कानूनी सलाह, वेरिफाइड निवेशक, लोन और प्रॉपर्टी असिस्टेंट और अन्य कई नए कैटेगरीज भी शामिल थीं। मप्र राज्य कौशल विकास एवं रोजगार बोर्ड के चेयरमैन श्री शैलेन्द्र शर्मा, जो सेंट्रल इंडिया फ्रेंचाइजी शो के मुख्य अतिथि थे, ने आयोजकों को मध्य प्रदेश के लोगों के लिए अवसरों का इतना बड़ा मौका प्रदान करने के लिए बधाई दी।

## सैमसंग ने सबसे किफायती एम-सीरीज़ स्मार्टफोन गैलेक्सी एम04 लॉन्च किया

**गुड़गांव, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने 'लेक्सी एम04 का लॉन्च करने की घोषणा की। लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज़ का यह नया स्मार्टफोन अद्भुत स्टाईल के साथ शानदार अनुभव प्रदान करते हुए युवा जनरेशन जैड के उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेगा। सैमसंग इंडिया में डायरेक्टर- मोबाईल बिज़नेस, राहुल पाहवा ने कहा, ''गैलेक्सी एम04 एम-सीरीज़ का सबसे किफायती स्मार्टफोन है। यह युवा उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो शानदार मल्टीटास्किंग क्षमताओं के साथ बेहतरीन परफॉर्मेंस वाला स्मार्टफोन चाहते हैं, ताकि वो सबसे आगे रह सकें। यह स्मार्टफोन रैम प्लस फीचर के साथ सेगमेंट में अग्रणी 8जीबी रैम, 1 टीबी तक एक्सपैंडेबल 128जीबी के विशाल स्टोरेज, और लंबा चलने वाली 5000एमएएच बैटरी के साथ आता है। गैलेक्सी एम04 को चार सालों तक सिक्योरिटी अपडेट और दो ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड मिलेंगे।''सुपर क्विक परफॉर्मेंसः गैलेक्सी एम04 में मीडियाटेक हीलियो पी35 प्रोसेसर है, जो 2.3गीगाहर्ट्ज़ की क्लॉक स्पीड से काम कर सकता है।

## तीन बैक-टू-बैक सीज़ंस के साथ नारुतो का साहसी सफर देखने के लिए तैयार हो जाएं

**मुंबई, एजेंसी।** नारुतो सीज़न 1 की अपार सफलता के बाद, आपका पसंदीदा निंज़ा इस क्रिसमस पर और ज्यादा एडवेंचर लेकर आ रहा है, और इस बार एक सीज़न नहीं, बल्कि तीन बैक-टू-बैक सीज़न होंगे। पिछले सीज़न में अनेक रोमांचक मोड़ देखने को मिले, और अब पेश है हिडेन लीफ विलेज़ का होकागे बनने का नारुतो का आगे का सफर। इन नए सीज़ंस में होकागे बनने के नारुतो के सफर के मुख्य चरण दिखाए जाएंगे, जिसमें उसकी चुनिन परीक्षा के रोमांचक क्षण भी होंगे, जिसमें निंजा अपने साहस, जोश,दृढ़ निश्चय और प्रतिबद्धता के साथ आमने-सामने के मुकाबले में हिस्सा लेगा।

## मिंत्रा का ईओआरएस-17 फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल में अग्रणी ब्रांड्स के 17 लाख स्टाईल्स के साथ शुरू हुआ

**बैंगलुरू, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े शॉपिंग कार्निवल और मिंत्रा की साल में दो बार आयोजित होने वाली एंड ऑफ रीज़न सेल (ईओआरएस) का 17वाँ संस्करण देश में लाखों फैशनप्रेमियों के लिए पूरी दुनिया के ऑन-ट्रेंड लुक्स लेकर आने के लिए तैयार है। ईओआरएस का यह संस्करण पहले से ज्यादा बड़ा होगा, जिसमें पिछली सर्दियों के मुकाबले 70 प्रतिशत ज्यादा स्टाईल मिलेंगे। इस सीज़न में 6000 से ज्यादा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के 17 लाख से ज्यादा स्टाईल ऑफर में मिलेंगे। यह सेल 10 दिसंबर से 16 दिसंबर'2022 के बीच चलेगी। मिंत्रा इनसाईडर्स के लिए अरली एक्सेस 9 दिसंबर को शुरू होगी।

## भारत में फर्स्ट-एवर बीएमडब्ल्यू एक्सएम लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में फर्स्ट-एवर बीएमडब्ल्यू एक्सएम को लॉन्च किया गया। यह कंप्लीटली बिल्ट-अप यूनिट बुकिंग के लिए बीएमडब्ल्यू डीलरशिप नेटवर्क पर उपलब्ध है। इसकी डिलीवरी मई 2023 से शुरू होंगी। बीएमडब्ल्यू 50जी एनिवर्सरी का जश्न जारी है, और यह ऐसी हाई परफॉर्मेंस लेकर आया है, जिसका अनुभव इससे पहले कभी नहीं मिला। फर्स्ट-एवर ग्ड बीएमडब्ल्यू एम के बाद पहला स्टैंडअलोन ड मॉडल है। लीजेंडरी मिड-इंजन स्पोर्ट्स कार ड1 की तरह ग्ड को पूर्णतः स्वतंत्र रूप से विकसित किया गया है, जिसकी कोई कंसैप्चुअल बेसलाईन बीएमडब्ल्यू मॉडल रेंज में नहीं मिलती। फर्स्ट-एवरबीएमडब्ल्यू एक्सएम पारंपरिक नियमों और परंपराओं से बढ़कर भावनात्मक क्षमता का प्रदर्शन करती है। यह एक अद्वितीय वाहन कंसैप्ट है, जिसमें आकर्षक डिज़ाईन में इनोवेटिव ड्राईव सिस्टम, हाई-परफॉर्मेंस टेक्नॉलॉजी के विभिन्न तत्व स्थापित हैं।

# ज्योतिरादित्य-प्रियदर्शिनी की शादी में पूरे ग्वालियर अंचल को न्योता देने पर अड़ गए थे माधवराव, 15 घंटे चला था आशीर्वाद कार्यक्रम

देव श्रीमाली

सिंधिया राज परिवार की महारानी और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ग्वालियर की कैंसर हिल्स का नाम बदलवाने की मुहिम चलाकर सुर्खियों में हैं। आमतौर पर्दे के पीछे और सादगी के साथ काम करने वाली प्रियदर्शिनी राजे और ज्योतिरादित्य सिंधिया की शादी की आज (12 दिसंबर) को सालगिरह है। हालांकि, दोनों को वैवाहिक गठबंधन में बंधे हुए 28 साल का लंबा अरसा गुजर गया, लेकिन ग्वालियर और पूरे अंचल के लोगों में उस शादी के भव्य आयोजन से जुड़ी यादें आज भी जेहन में बसी हैं। माधव राव सिंधिया अपने बेटे की शादी से इतने उत्साहित थे कि उन्होंने लंबे अरसे बाद पूरे महल का रंग रोगन करवाया था। महल परिसर में दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने के लिए गांव-गांव के लाखों लोगों को आमंत्रण भेजा था। आशीर्वाद देने पहुंचने वाले हर व्यक्ति को भोजन कराने की भी व्यवस्था की गई थी।

**तीन जगह हुए थे ज्योतिरादित्य-प्रियदर्शिनी की शादी के प्रोग्राम-** सिंधिया राज परिवार के युवराज ज्योतिरादित्य सिंधिया और बड़ौदा गुजरात के गायकवाड़ राजघराने की राजकुमारी प्रियदर्शनी राजे 12 दिसंबर 1994 में शादी के बंधन में बंधे थे। इस शादी के समारोह काफी दिनों तक चले थे। मुम्बई, दिल्ली और ग्वालियर में कार्यक्रम हुए थे। उस समय माधवराव सिंधिया देश के शीर्षस्थ कांग्रेस नेता थे, इसलिए दिल्ली में हुए रिसेप्शन में देश की सभी बड़ी राजनीतिक हस्तियां जुटीं थी।

**माधवराव बेटे की शादी में सबको बुलाना चाहते थे,जबकि सलाहकार डरे हुए थे-** माधवराव सिंधिया अपने बेटे की शादी को लेकर बेहद उत्साहित भी थे। उन्होंने इस दौरान पूरे ज्यविलास पैलेस में रंग रोगन कराने का निर्णय लिया, जो काफी खर्चीला काम था। उनकी इच्छा थी कि नए दंपति को आशीर्वाद देने के लिए ग्वालियर-चंबल अंचल का हर नागरिक आए। कहते हैं कि माधवराव के सलाहकार महाराज की इस बात से सहमत नहीं थे। उन्हें लगता था कि इतनी भीड़ को नियंत्रित करना और फिर उनकी व्यवस्था करना असंभव है। माधवराव यह भी चाहते थे कि आशीर्वाद देने जो भी आए, वह मुंह मीठा किए बगैर ना लौटे। यह दुष्कर काम था, लेकिन सिंधिया मानने को तैयार ही नहीं थे और सबको बुलाने पर अड़े थे।



**माधवराव ने गांव-गांव भिजवाए थे कार्ड-** जयविलास पैलेस में शादी के बाद स्वागत समारोह का आयोजन तय हुआ और आशीर्वाद देने के लिए ग्वालियर-चंबल से लेकर मालवा तक के लोगों को कार्ड भेजे गए। महल परिसर में बीचों-बीच नए दंपति के बैठने के लिए मंच बनाया गया। इसमें बीच में दूल्हा ज्योतिरादित्य और दुल्हन प्रियदर्शिनी बैठी थीं, दोनों के बगल में पिता माधवराव और मां माधवी राजे बैठी थीं।

**आशीर्वाद लेने 15 घंटे लगातार बैठे रहे थे सिंधिया-** आशीर्वाद देने का सिलसिला दोपहर से ही शुरू हो गया था। इसमें नदी गेट से लंबी कतार लगाई गई थी, जिनमें शामिल हर व्यक्ति मंच तक पहुंचकर आशीर्वाद और बधाई देता हुआ दूसरे गेट से बाहर निकल रहा था। वहीं पर भोजन की व्यवस्था थी और यह सिलसिला देर रात तक चला। इसके बाद सिंधिया राजशाही के पुराने सरदारों के परिजन के साथ डिनर का आयोजन भी हुआ था।

**ऐसे हुई थी लाखों लोगों के लिए डिनर की व्यवस्था-** माधवराव सिंधिया सबको बुलाकर भोजन कराने की जिद पर अड़े थे, जबकि व्यवस्था से जुड़े गंगवाल का कहना था कि वे भोजन बनवा तो देंगे लेकिन अनगिनत लोगो को खिलाने की व्यवस्था करना संभव नहीं है। उन्होंने यह बात बगल में बैठे बालेंदु शुक्ला से कही -पंडित जी देखो, कैसे होगा लेकिन करना तो है और व्यवस्था बिगड़नी नहीं चाहिए। बालेंदु शुक्ला और माधव राव सहपाठी थे। हालांकि अब सिंधिया बीजेपी में है और बालेंदु शुक्ला कांग्रेस में और अब दोनों के बीच रिश्ते भी नहीं बचे है। लेकिन तब से माधवराव के सबसे करीबी माने जाते थे। बालेंदु बताते है कि मुझे मालूम था कि माधवराव धुन के पक्के थे। वे मानेंगे नहीं इसलिए मैंने इस कठिन काम के लिए भी हामी भर ली। मैं वहां से उठकर सीधे हाथीखाना पहुंचा। यह महल से सटा बड़ा मैदान था, जो अब कॉलोनियों में तब्दील हो गया है। वहां एक बड़ा हौद था। उसी जगह टेबल कुर्सी लगाकर खाने की व्यवस्था की गई। टेबल के आगे पाइप लगवाए, ताकि भीड़ टेबिलों को ना उलट दे। टेबिलों के आगे परोसने के लिए एक गैलरी बनाई गई और चार पहियों के हाथ ठेलों से सामान सप्लाई की व्यवस्था की गई। हौदी के ऊपर एक बड़ा मंच लगाया गया, जहां से मैंने बैठकर संचालन किया। सिंधिया दो बार उठाकर व्यवस्था देखने भी आए, लेकिन इस चक्कर में मैं रिसेप्शन मंच पर ही नहीं जा सका। हालांकि, सारा आयोजन निर्विघ्न सम्पन्न होने पर माधवराव ने मेरे कंधे पर हाथ रखकर पीठ ठोकते हुए कहा-पंडित जी मजा आ गया। वे बहुत खुश थे।

**सिंधिया ने अरेंज मैरिज की थी लेकिन दोनों पहले मिल चुके थे-** कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी स्कूल से पढ़ाई करने वाली प्रियदर्शनी राजे मूलतः बड़ौदा राजघराने की राजकुमारी है। इस स्कूल को मुंबई में फोर्ट कॉन्वेंट के नाम से भी जाना जाता है। स्कूल की पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्होंने मुंबई में सोफिया कॉलेज फॉर वुमन में एडमिशन लिया था। इसी दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया से बात चली। प्रियदर्शनी और ज्योतिरादित्य दिसंबर 1994 में शादी के बंधन में बंधे। वैसे तो यह एक अरेंज मैरिज थी, लेकिन दोनों की पहली मुलाकात दिल्ली में एक प्रोग्राम में हुई थी, तब ज्योतिरादित्य अमेरिका में पढ़ते थे और प्रियदर्शनी मुंबई में। एक बार मीडिया को दिए इंटरव्यू में ज्योतिरादित्य ने कहा था- मैं पहले दिन से ही जानता था कि प्रियदर्शनी मेरे लिए ही बनी है, वहीं एक है जिससे मैं शादी करना चाहूंगा।

## सियाम सीमेंट बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजीस ने संयुक्त उद्यम संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा किया




**अहमदाबाद , एजेंसी।** एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक्स, ब्रिक्स और पैनल्स के निर्माण में अग्रणी कंपनियों में से एक बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने सियाम सीमेंट ग्रुप (एससीजी) के साथ अपने संयुक्त उद्यम के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने अहमदाबाद, गुजरात के पास खेड़ा जिले के कपडवंज में एएलसी पैनलों और एएसी ब्लॉकों के लिए 3 लाख सीबीएम प्रति वर्ष की सुविधा स्थापित करने के लिए भूमि का अधिग्रहण किया है। संयंत्र के कैलेंडर वर्ष 2023 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। एससीजी और बिग ब्लॉक के बीच संयुक्त उद्यम ने सियाम सीमेंट समूह से भारत में पहली एफडीआई के लिए गुजरात का चयन किया है। एससीजी इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन, जो एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सप्लाय चेइन कंपनी (20 देशों में उपस्थिति के साथ) है और एससीजी समूह का हिस्सा है।

## बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस महिलाओं को वित्तीय समावेशन के माध्यम से अर्थव्यवस्था में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाता है

**भोपाल एजेंसी।** माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री ग्रामीण भारत तक पहुंच कर और महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए उन्हें सशक्त बना रहा है। इससे सुविधाओं के स्तर पर शहरों और गांवों बीच का अंतर कम हो रहा है और इन महिलाओं की आजीविका में सुधार हो रहा है। एनबीएफसी-एमएफआई बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस वंचित महिलाओं के वित्तीय उत्थान की दिशा में काम कर रहा है और उन्हें अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाने का साधन दे रहा है।

ऐसी ही एक अविश्वसनीय और प्रेरक कहानी मध्यप्रदेश की सुगन बाई की है, जो कपड़े सिलती थीं और प्रति माह केवल 500 रुपये कमाती थीं। उनकी और उनके पति की कुल आय परिवार की जरूरतें पूरी करने और बेटे की शिक्षा के लिए अपर्याप्त थी। जब परिस्थितियां ज्यादा कठिन होने लगी, तो सुगन ने कमान अपने हाथों में ले ली और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की मदद से हैंड इन हैंड इंडिया द्वारा पेश किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण शुरू किया।

अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, उन्होंने बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस से एक छोटा सा क्रेडिट सपोर्ट (माइक्रोफाइनेंस ऋण) लिया और मोटर से चलने वाली सिलाई मशीन ली। उन्होंने मशीन की मदद से घर पर ही चमड़े के बैग बनाने का काम शुरू किया। हैंड इन हैंड इंडिया के निरंतर सहयोग के साथ, वह अपने उत्पादों को प्रमोट करने, विभिन्न बिक्री प्लेटफार्मों और प्रदर्शनियों से जुड़ने में सक्षम हो गई। मार्केट लिंकेज, ग्राहक सेवा और व्यवसाय विकास में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, उनके उत्पादों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। एसएचजी प्रणाली के माध्यम से अपने उत्पादों को नियमित रूप से बेचने के कारण, उनका व्यवसाय धीरे-धीरे बड़ा होता गया और इसके साथ-साथ उनकी आय भी बढ़ती गई। किसी भी तरह की व्यावसायिक पृष्ठभूमि नहीं होने के बावजूद समय के साथ सुगन एक वेल-कनेक्टेड बिज़नेस वुमन बन गई। अपनी कमाई और बचत के जरिए सुगन ने एक प्लाट ख़रीदा और अपने सपनों के घर को बनाने की शुरुआत कर पाई। वह अपने बेटे के लिए एक वंडर वुमन है, जिसने उसे स्कूल में एडमिशन कराने के लिए दिन-रात काम किया।

## नई बीएमडब्ल्यू 1000 आरआर अब भारत में लांच

### हमेशा सटीक, ट्रैक पर भी और स्टेज पर भी

**मुंबई, एजेंसी।** बीएमडब्ल्यू मोटोराड की बेहद मशहूर सुपर स्पोर्ट बाइक का एकदम नया संस्करण बीएमडब्ल्यू 1000 आरआर् भारत में लॉन्च किया गया। कंपलीटली बिल्टअप यूनिट के तौर पर लॉन्च की गई बाइक बीएमडब्ल्यू मोटोराड के डीलर नेटवर्क पर बुकिंग के लिए उपलब्ध है। बाइक की डिलिवरी की शुरुआत फरवरी 2023 से होगी। प्रतिस्पर्धी श्रेणी में आरआर एक मानक है और उन रेसिंग उत्साहियों के बीच बेहद लोकप्रिय है जो स्पीड के दीवाने है। 2009 में यह बाइक पहली बार लॉन्च की गई थी। हर जेनरेशन ने इस खेल के नियमों को फिर से परिभाषा दी है। यह परंपरा नए आरआर के साथ बरकरार है। नई बीएमडब्ल्यू 1000 आरआर अपने व्यापक आधुनिकरण के दम पर पिछले संस्करणों से काफी बेहतर है। इसके लिए गाड़ी के इंजन, सस्पेंशनए चेसिसए एरोडायनेमिक्स डिजाइन और असिस्टेंस सिस्टम को श्रेय दिया जाना चाहिए। बाइक निर्माण के कई क्षेत्रों में इंजीनियरिंग में सुधार किए गए हैं। इसके नतीजे के तौर पर यह शानदार बाइक पहले से और बेहतर बन गई है।



## अमेजन.इन के क्रिसमस शॉपिंग स्टोर के संगउपहारदेने का जश्नद मनाएं

**मुंबई, एजेंसी।** आप भी अपनी सीक्रेट सांता लिस्ट तैयार कर लें और अमेजन.इन परविशेष रूप से तैयारकिए गए क्रिसमस स्टोर सेखुद के और अपनेप्रियजनों के लिए उपहार खरीद कर क्रिसमस की खुशियां बांटने के लिए तैयार हो जाइए। इस स्टोडर में क्रिसमस डेकोर, गिफ्ट सेट, पार्टी एसेंशियल, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान और घर का अन्य सामान, होम डेकोर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सेसरीज, अमेज़ॅन डिवाइस, फैशनब्यूटी एसेंशियल के लिए शानदार डील्स और ऑफर उपलब्ध हैं। स्टोर 25 दिसंबर 2022 तक लाइव है।अमेजन.इन पर विशेष रूप से तैयार किया गया क्रिसमस स्टोर घर बैठे खरीदारी करनेऔर उपहार देकर खुशियां बांटने जैसीकस्टठ्मर्स कीसभी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन-स्टॉप है। कस्टपमर्सहिमालया, द होल ट्रूथ, फेरेरो रोचर, हर्शे, क्यूब्स, बेकर्स डोजेन, बेवज़िलासैमसंग, वनप्लस, सोनी, फास्ट्रैक, जीआईवीए, हैपिलो, रेड्मी, बोरोसिल, बजाजजैसे लोकप्रयब्रांडों की खरीदारी यहां से कर सकते हैं।

## सर्दियों में हृदय की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरतें: डॉ. युगल किशोर मिश्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हृदयाघात केवल वृद्धावस्था की समस्या नहीं रह गई है। अब यह 20, 30, 40 साल के लोगों में भी आम हो गई है। उच्च रक्तचाप, अनियमित आहार, व्यायाम न करने, और तनाव एवं मौसमी परिवर्तनों का भी हृदय पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। तापमान गिरने के साथ बाहर का मौसम ठंडा हो जाता है, इसलिए कई लोगों को हृदयाघात का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में हृदय संबंधी समस्याओं पर रोशनी डालते हुए, डॉ. युगल किशोर मिश्रा, हेड ऑफ कार्डियेक साईंसेज़ एवं चीफ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका, नई दिल्ली ने कहा, ''हृदयाघात, दिल का दौरा, कार्डियोवैस्कुलर समस्या, एरिद्मिया और अन्य विकार सर्दियों में मौसम में हुए अचानक बदलाव के कारण बढ़ जाते हैं।

## ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस 20 दिसंबर को धरना एवं सांकेतिक भूख हड़ताल करेगी




**भोपाल।** ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने प्रदेश में परिवहन को लेकर अपनी मांगों के समर्थन में बीस दिसंबर को एक दिन का धरना और सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया है। संगठन का कहना है कि लगभग प्रतिनिधित्व करती है 95 लाख ट्रक वाले और लगभग 50 लाख बस और पर्यटक ऑपरेटर एवं 3500 से अधिक तालुका, जिला, राज्य स्तरीय परिवहन संघों को कवर करने वाली एकछत्र निकाय है। परिवहन उद्योग हमारे देश के 20 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करता है। हम आपको यह बताते हैं कि भारत और विशेष रूप से मध्य प्रदेश की सड़क परिवहन बिरादरी सीमा चेकपोस्टों को समाप्त करने की लंबे समय से लंबित मांग के प्रति राज्य सरकार के अड़ियल रवैये से पूरी तरह से निराश है, जो कि जीएसटी नैशनल लॉजिस्टिक्स पालिसी और पीएम गतिशक्ति के कार्यान्वयन के बाद निरर्थक और अवैध है। मध्य प्रदेश राज्य से अवैध सीमा चौकियों पर भ्रष्टाचार उत्पीड़न, जबरन वसूली और गरीब और कमजोर ट्रक चालको का शोषण बढ़ गया है।भ्रष्ट अधिकारियों और उनके संरक्षण में स्थानीय माफिया दवारा लाखों करोड़ रुपये की लूट की जा रही है और यह प्रणित खेल बेखौफ चल रहा है। अनगिनत बैठकों और हमारे द्वारा अभ्यावेदन और स्न्ह्त्रञ्ज॥ द्वारा जारी कई एडवाइज़री और श्री नितिन गडकरी, माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार द्वारा लिखे गए पत्र के बावजूद राज्य सरकार को कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिल रहा है। इसने उन्हें केवल अपनी शक्ति और अधिकार का दुरुपयोग करने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। इस संदर्भ में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने आर. टी. और सीमा चौकियों को बंद करने की सलाह दी है, जो जी.एस.टी. शासन के कार्यान्वयन के आलोक में निरर्थक है क्योंकि यह निर्बाध आवाजाही को बाधित करता है।यह बेहद निराशाजनक है कि केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद मध्य प्रदेश राज्य सरकार केंद्र सरकार के राज्य में सीमा चौकियों को खत्म करने के निर्देशों का पालन या सम्मान नहीं कर रही है। 5. मध्य प्रदेश में व्याप्त उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और जबरन वसूली के कारण भारत की परिवहन बिरादरी के लिए मध्य प्रदेश राज्य अमानवीय हो गया है। यह केंद्रीय नेतृत्व और उस पार्टी की स्वच्छ छवि को भी धूमिल कर रहा है।

# Veira Group starts production & manufacturing of web OS Hub 2.0 Smart TVs as a strategic ODM India partner for the OS.

**New Delhi,** 30thNovember 2022: As a strategic ODM India partner for the OS, Veira Group, one of India's largest ODM for smart TVs, begins production and manufacturing of Web OS Hub 2.0 Smart TVs. LG's webOS is one of the world's most popular smart television platforms, and the new webOS Hub ecosystem provides a refined and unparalleled user experience. With the rollout of the webOS Hub ecosystem, Veira aims to manufacture a total of over 100,000 webOS Smart TVs for the leading brands in India.

webOS Hub is developed in partnership with multiple audio, video & content technology brands across the world and has been certified by over 160 broadcasters worldwide. More than 120 million devices in 150 countries are powered by some version of webOS. Veira will offer a wide range of 32 to 65-inch webOS Hub 2.0 Smart TVs. Veira has worked tirelessly to bring cutting-edge solutions to the Indian smart TV market. webOS has had much success in the Indian markets, and Veira hopes that with webOS Hub 2.0, it can set a new standard for webOS Hub TV sales in India.

Veira group had recently invested 200 crore in their new manufacturing unit and has total production capacity of Smart TVs by more than 3 million units annually, amounting to a total of 4 million LED TVs per year, from the present 10 lakh units annual capacity.

webOS Hub Smart TVs incorporates many third-party applications supported by LG's streaming operating system, including Netflix, Hulu, Amazon Prime Video, Disney Plus, YouTube, and Fubo TV, to provide endless content for endless enjoyment. webOS Hub includes ThinQ AI, which allows users to control the TV and other ThinQ-enabled IoT devices with their voice. The TV includes a magic remote that can be used to control with voice &motiuon. Users can now use their voice to stream the favourite streaming content via ThinQ AI with the latest webOS Hub 2.0. webOS Hub 2.0 enables total home entertainment control.

Mr. Sharan Maini, Director of Operations, Veira Group, commented on the collaboration, saying, "We at Veira are committed to refining and expanding our smart TV experience for users. With webOS Hub 2.0 we are introducing more and more consumers to the unparalleled user experience of Smart, Integrated & content specific TVs."

Veira's goal is to work and collaborate with India's leading national and international brands in order to strengthen the OS ecosystem and create an immersive experience for the Indian users.Only a few licensed manufacturers in the country currently manufacture webOS Hub 2.0, and with this strategic alliance, Veira and webOS Hub expect to double their volumes for India.

## About Veira Group

Since its inception in 1975, the Veira Group has been involved in the manufacturing of electronic products. Veira began as one of India's leading manufacturers of tape recorders and DVD players. It has further expanded its product line to CRT televisions, LED televisions, washing machines, and air coolers, leveraging its plastic moulding, main board assembly (SMT & MI), and design engineering centres around the world. Veira currently manufactures LED TVs in two Noida facilities, Sector 63 and Phase-2, totalling 400,000 square feet for LCM, FA, stores, and LED TV testing. Veira supplies consumer durables, home appliances, and white goods to many national and international brands in the country. The company aspires to be the world's largest manufacturer of LED televisions, washing machines, and air conditioners.

## गलत परीक्षा परिणाम को लेकर एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**अमरवाड़ा ।** जिला एनएसयूआई कार्यवाह अध्यक्ष व विधानसभा प्राभारी अमरवाड़ा चोराई भूपेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि यूनिवर्सिटी की बड़ी लापरवाही के कारण आ रहे गलत परीक्षा परिणाम जिसमे अमरवाड़ा के शासकीय महाविद्यालय में बी एस सी सेकंड वर्ष के छात्र-छात्राओं इसमें 183 छात्र-छात्राएं जिसमें यूनिवर्सिटी की लापरवाही के कारण 150 छात्र छात्राओं को फेल कर दिया गया है और फाइनल कक्षा की फीस वसूली कर ली गई है एनएसयूआई ने ज्ञापन में कहा अगर 8 दिन के अंदर यूनिवर्सिटी के द्वारा फेल हुए छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिका की जांच पुन: किया किया जावे एवं जांच नहीं की जाती है तो 8 दिन के बाद पूरा कॉलेज बंद किया जाएगा इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी की होगी जिसमें एनएसयूआई के पहलाद डेहरिया सीताराम नागवंशी संजय पन्द्राम, प्रिंस गेडाम, गोविंद पन्द्राम, हेमेंद्र राठोर, दीपेश मर्सकोले, राहुल ध्रुवे ,ब्रजमोहन यादव, राकेश तेकाम, पंकज नागा, पायल प्रजापति, राहुल डेहरिया, हेमंत परतेती, राव खान कमरे राजेन्द्र, आशुतोष वर्मा, दिनेश उईके व अन्य छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## अटल खेल महोत्सव अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर बैठक

**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय छिंदवाड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर 15 से 25 दिसम्बर तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार महिला मोर्चा की बैठक संपन्न हुई । जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर प्रभारियों सहित महिला मार्चे की पदाधिकारी बहनों के साथ वृहद बैठक संपन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं एवं बच्चों को शामिल कराकर आयोजन को सफल बनाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हो एवं प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संगठन से बाहर की मातृषक्ति को आमंत्रित कर उनके आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न कराये जायेंगे । इस अवसर पर महामंत्री श्रीमती ललिता वर्मा एवं मीना दुबे, पार्षद गरिमा दामोदर, संगीता उइके, चित्रा चौकसे, नीता मेहरा, लविना केरकटा, भारती जैन, रिंकी चौरसिया, श्रद्धा जैन, निषा गोस्वामी, उदिता यादव, रजनी वर्मा, ममता चौहान, ममता वर्मा, निलिमा तिवारी, लक्ष्मी यदुवंषी, रीना देषमुख सहित बड़ी संख्या में मातृषक्ति उपस्थित थी ।

## नेमा दर्पण फाउंडेशन का वार्षिक सम्मेलन 18 को

**अमरवाड़ा ।** नगर में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में रविवार को श्रीराम मंदिर में नेमा दर्पण फाउंडेशन अमरवाड़ा इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 18 दिसंबर को छिंदवाड़ा जिले में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर नेमा दर्पण फाउंडेशन का वार्षिक सम्मेलन के आयोजन पर समाज में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, समाज में किसी भी तरह का पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान, बीमारी में इलाज में आर्थिक मदद तो वही विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय आदि अन्य कार्य किए जाने का भी निर्णय लिया गया। विदित हो कि नेमा दर्पण फाउंडेशन समाज में रह रहे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा सहयोग प्रदान करता रहता है।अमरवाड़ा इकाई की बैठक में नेमा दर्पण फाउंडेशन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभु नारायण नेमा प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेमा प्रांतीय संगठन सचिव अरविंद नेमा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र नेमा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अरुण नेमा सहित गोपाल नेमा श्रीमती मालती नेमा सहित सामाजिक हितों से जुड़े अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों ने कॉम्बिंग गस्त के पकड़े 13 बदमाश, मचा हड़कंप

**बिछुआ।** बिछुआ पुलिस थाना के पुलिस कर्मियों ने पुलिस मुख्यालय के जारी निर्देश के परिपालन एवं छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक विवेक अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के 13 अलग-अलग अपराधों में बदमाशों को धरदबोचा कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। है। बिछुआ थाना प्रभारी श्रीमती पूर्वा चौरसिया ने बताया कि अपराधों में महिला संबंधी गंभीर अपराध एवं मारपीट के प्रकरणों में अलग-अलग न्यायालयों से जारी गिरफ्तारी वारंट का समावेश था। 13 आरोपियों को एक ही रात में गिरफ्तारी होने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। कॉम्बिंग गस्ती के दौरान आरोपियों को पकड़ने वाली टीम थाना प्रभारी श्रीमती पूर्वा चौरसिया, उपनिरीक्षक महेश आहिरवार, सहायक उपनिरीक्षक गुणवंत पवार, रतिराम, जयसिंग मरावी, ढीलसिंग भलावी, सुरेन्द्र राजपूत, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर सोनी, मधु कुलस्ते, लवकुश रघुवंशी, आरक्षक मिथिलेश साहू, जंयत समेत पुलिस कर्मियों का समावेश रहा।

## रेत उपलब्ध कराने सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन



**परासिया ।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतो में रेत मिलने में आ रही समस्या को लेकर सरपंच एकता संघ ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौपकर कार्यवाही की मांग की है। सरपंच संघ अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि रेत मिलने में समस्या के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है। विशेष रूप से शिवपुरी पुलिस थाना क्षेत्र की बीस ग्राम पंचायतो में रेत अधिक दाम पर तथा समय पर नही मिल रही है जिससे प्रधानमंत्री आवास, नाडेफ, स्वच्छता मिशन सहित अन्य निर्माण कार्य में मुश्किल आ रही है जबकि प्रशासन लक्ष्य पूरा करने के लिये ग्राम पंचायतो पर दबाव बनाता है इसलिये रेत को सुगमता से उपलब्धता बनाई जाये। गौरतलब है कि कृषि कार्य वाले ट्रेक्टर ट्रालियो से अन्य स्थानो पर रायल्टी रेत का परिवहन किया जा रहा है जबकि शिवपुरी क्षेत्र में इस पर रोक लगाई गयी है। एसडीएम मनोज प्रजापति ने कहा कि इस विषय को वह उच्च अधिकारियो के संज्ञान में लायेंगे और व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जायेगा।

# बदला मौसम अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी

## सर्दी, जुखाम और हार्ट के मरीज बढ़े

**छिंदवाड़ा ।** बदलते मौसम के चलते जिला चिकित्सालय में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मौसम के करवट लेते और रिमझिम बारिश ने सर्दी खांसी और जुखाम के मरीज बढ़ गए हैं। अस्पताल में रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में मरीज जांच कराने आ रहे हैं और भर्ती भी हो रहे हैं। जिले में दो दिन से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शाम के वक्त हल्की रिमझिम बारिश की फुहार पड़ रही है। चिकित्सकों के अनुसार इससे लोगों के शरीर पर प्रभाव पड़ रहा है मौसम ठंडा गरम होने से सर्दी जुखाम और खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वहीं ठंड के मौसम में हार्ट के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोत्री हो रही है। एमडी डॉ. सदीप जैन ने बताया कि बदलते मौसम के चलते लोगों को खानपान पर ध्यान देना जरूरी है। हार्ट के मरीज सुबह जल्दी न उठे और समय पर दवाई लें जिससे बचा जा सकता है।



### डॉ. शास्त्री को मिला सी.एम.एच.ओ का प्रभार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन दिन पहले ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जी.सी. चौरसिया को बिछुआ में कार्यक्रम के दौरान मंच से सस्पेंड कर दिया था। उसके बाद से दो दिन तक किसी की पोस्टिंग सीएमएचओ के पद पर नहीं हुई है। सीएम ने दूसरी बार श्री चौरसिया को पर नाराजी जताई। इसके पहले उन्हें सीएमएचओ पद से हटाकर जिला चिकित्सालय में पदस्थ कर दिया गया था। लेकिन सीएमएचओ चौरसिया कोर्ट से स्टे आर्डर लेकर आ गए और ज्वाईन कर लिया इससे मुख्यमंत्री नाराज हो गए और उन्होने काम में लापरवाही बरतने पर फिर से सीएमएचओ जी.एस.चौरसिया को सस्पेंड कर दिया दो दिन तक किसी अधिकारी की मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी के पद किसी की नियुक्ति नहीं दी गई आखिर काम प्रभावित होने पर कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले ने सौंसर के बीएमओ एन.के.शास्त्री को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रभार दे दिया है। पूर्व सीएमएचओ डॉ. चौरसिया डिंडोरी में पदस्थ किए गए हैं।

## कन्हान क्षेत्र को पेंच क्षेत्र में विलय करने का विरोध

### संयुक्त मोर्चा के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया



**परासिया ।** कन्हान बचाओ आंदोलन और अभियान के प्रथम चरण के अंतिम दिन सोमवार को दोपहर दो बजे से क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और शाखाओं के प्रतिनिधि उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपने शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रमुख वक्ताओं ने तानसी से लेकर मोहन कालरी तक जितने भी प्रस्तावित जीवनदायिनी परियोजनाओं को मंजूरी देकर शीघ्र शुरुआत होती हैं तो कन्हान क्षेत्र को पेंच क्षेत्र में विलय करने की जरूरत नहीं होगी। क्षेत्र को बचाने मजदूरों के साथ सभी का समर्थन से क्षेत्र को आवश्यक रूप से बचाया जा सकता है। ज्ञापन क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री बी0रामाराव कन्हान क्षेत्र के हस्ते वेकोलि सीएमडी और डी0पी0, डी0टी, आंदोलनरत संयुक्त मोर्चा के वेकोलि अध्यक्ष और महासचिव तथा संचालन समिति सदस्य को प्रति दी गई। ज्ञापन सौंपने में संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों में सीटू युनियन कन्हान पेंच अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, महासचिव मीरहसन,सचिव अशोक भारती,एचएमएस युनियन कन्हान अध्यक्ष सुखराम सय्याम, महामंत्री मनोज ढग सहित सैकड़ों प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवामोर्चा का युवानीति सुझाव कार्यक्रम

**परासिया ।** भारतीय जनता युवामोर्चा के खिलते कमल कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा आगामी 12 जनवरी को युवानीति लागू होने जा रही है जिसमें युवाओं की राय व मुख्य भूमिका हो इसके लिए सीएम शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश युवामोर्चा को युवाओं से राय लेने व एक ड्राफ़्ट तैयार करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है जिसे लेकर युवामोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार जी के निर्देश व छिन्दवाड़ा युवामोर्चा ज़िला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा परासिया विधानसभा का खिलता कमल अभियान के अंतर्गत युवा नीति सुझाव कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें परासिया विधानसभा के सभी मंडलो ने अपने अपने मंडलो से युवाओं को सम्मेलन में आमंत्रित किया व उनसे सम्मवाद कर युवा नीति के लिए विचार माँगे उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक ताराचंद बाबरिया जी, जिला मंत्री भाजपा अनुज पाटकर जी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बल्लू नागी जी ने युवाओं को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया एवं युवाओं से युवा नीति के सुझाव लिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री अंकुश मेहरा जिला उपाध्यक्ष एससी मोर्चा रूपेंद्र डेहरिया विधानसभा प्रभारी हरीश दुर्गे मंडल अध्यक्ष मुकुल साहू महेंद्र राय जिला कार्यसमिति सदस्य आतिफ अहमद सिद्धार्थ मुखर्जी मनोज निषाद ब्रज नागवंशी कुलदीप साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 16 दिसंबर को

**छिन्दवाड़ा ।** कौशल विकास संचालनालय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाडा में आगामी 16 दिसंबर को प्रात- 10 बजे से प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया है । जिले के इच्छुक 18 से 28 वर्ष आयु के कक्षा 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक उत्तीर्ण आवेदक इस मेले में अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों और बायोडाटा के साथ साक्षात्कार के लिये उपस्थित हो सकते हैं।शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इस मेले में डिसटिल एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी प्रा.लि., याजाकी इंडिया प्रा.लि.भोपाल व गुजरात, मिंडा कॉर्पोरेशन लिमि.पीथमपुर, एवीटेक लिमि.पीथमपुर, एबीडी लिमि.छिंदवाड़ा आदि कंपनियां शामिल होंगी।

## महापौर का चुनाव हारने के बाद भाजपा अनन्त ( अन्तु ) धुर्वे को भूल गई ?

गोविन्द चौरसिया



**छिंदवाड़ा।** भाजपा से नगर निगम का महापौर का चुनाव लड़े नगर निगम के पूर्व सहायक आयुक्त अनन्त धुर्वे को जिला भाजपा ने पूछना ही बन्द कर दिया है, अनन्त धुर्वे ने अपने पद से इस्तिफा देकर चुनाव लड़ा था। भाजपा ने पहले जितेन्द्र शाह को टिकट दिया था, बाद में बदलकर अनन्त धुर्वे ( अन्तु धुर्वे ) को टिकट दिया था, इसके अलावा पार्षदो के टिकट वितरण को लेकर भाजपा में जमकर गुटबाजी हो गई और भाजपा के अधिकांश नेता विद्रोही हो गये और भीतरघात में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा का महापौर नहीं बन पाया, कांग्रेस के महापौर बहुत ज्यादा वोट से नहीं जीते, टिकट वितरण को लेकर भाजपा के कई नेता नाराज थे, उन्हे मनाने के बजाय धमकाया गया तो उनका विद्रोह और बढ़ गया।

चुनाव हार से अन्तु धुर्वे दुखी तो है, साथ ही उनकी भाजपा में पूछ परख न होने से वे और ज्यादा दुखी है, फ्लेक्स एवं अखबार के विज्ञापनों में उनकी फोटो दिखाई नहीं देती। जुलाई में हुये चुनाव हारने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है, उन्हें पेंशन भी नहीं मिल रही है। उनके सामने जीवन यापन हेतु आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जो कुछ जमा पूंजी थी वह भी चुनाव खर्च में हो गई। जिले में भाजपा की गुटबाजी स्पष्ट है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जो कार्यक्रम छिंदवाड़ा में होना था, वह बिछुआ में हुआ क्योकि छिंदवाड़ा में महापौर कांग्रेस का है।

गुटबाजी की चर्चा आम है सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायक पद के उम्मीदवारों की महात्वाकांक्षा बढ़ गई है, जिससे गुटबाजी स्पष्ट दिखाई दे रही है, बिछुआ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाजपा के एक नेता को फ्लेक्स से निकालकर फैक दिया एवं मंच पर कई नेताओं को बोलने भी नहीं दिया, आने वाले विधानसभा चुनाव में गुटबाजी में लगाम नहीं लगी तो परिणाम भाजपा के विरूद्ध जायेगा ऐसा भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है।

## बदलती जीवन शैली एवं रोग पर कार्यशाला



**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अजरा एजाज , द्वद्व मार्गदर्शन में एवं गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ अर्चना मैथ्यू विभाग अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यशाला प्रारंभ हुई छह दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन गृह विज्ञान संकाय मैं पधारी कार्यशाला के प्रथम दिवस पर विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर शक्ति शर्मा प्राध्यापक सादाबाई रईसोनी कॉलेज नागपुर द्वारा बताया गया है कि बताया गया है कि अपनी स्वयं की प्रकृति, प्रकृति को प्रभावित करने वाले तत्व-एवं वात , कफ, पित्त द्वद्व आकलन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई एवं प्रकृति को संतुलित करने के लिए आहार बताया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ कविता जुनेजा के द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त डॉ अस्मिता द्वह्ळ्ळुद्भद्द द्वारा किया गया कार्यक्रम में डॉक्टर अनीता मिश्रा प्रो.रिंकी भावर किरण स्न्नद्धड्डह्यकार्यशाला में पर स्थित रही है उपस्थित रही है महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अधिक संख्या में अपनी सहभागिता कीद्य और छात्राओं ने व्यक्तिगत रूप से भी स्वयं की प्रकृति को इसे विशेषज्ञ के विषय के मार्गदर्शन में समझा हैद्य

## स्वर्णकार महिला मंडल ने 21 समाज सेवकों संरक्षकों का किया सम्मान



**छिंदवाड़ा ।** स्वर्णकार महिला मंडल छिंदवाड़ा द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह के कार्यक्रम का आयोजन श्री कृष्ण कुंज हॉलमार्क सेंटर बनवारी लाल सोनी के निवास स्थान में आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से समाज का ऐसा वरिष्ठ जन, वृद्धजन और समाज के संरक्षक जिन्होंने सामाजिक गतिविधियों, स्वर्णकार समाज निर्माण के साथ, परिवारिक जिम्मदारी के साथ मूल दायित्वों समाज के प्रति बखूबी निभाया। कार्यक्रम का संचालन किरण सोनी, सुधा सोनी के द्वारा किया गया। स्वर्णकार समाज को एक परिवार के रूप में भविष्य की युवा पीढ़ियों को मार्गदर्शन दे रहे ऐसे नागरिक जनों का विशेष रूप में सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें स्वर्णकार महिला मंडल के सम्मान समारोह कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन गीत दर्मिला सोनी ने किया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में हरिओम सोनी, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सोनी (पप्पू ) की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ जनों के सम्मान समारोह में ओमकार जी सोनी, युधिष्ठिर सोनी,विजय सोनी, बनवारी सोनी, अनिल सोनी, ज्ञानचंद सोनी, द्वारका सोनी, नारायण प्रसाद सोनी,रमेश सोनी, सुरेश भारद्वाज, रामकुमार भारद्वाज,महेश सोनी ,नारायण सोनी, श्रीमति सरोज विश्वनाथ सोनी का सम्मान किया गया। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष ने महिलाओं के इस विशेष कार्यक्रम की सभी का वरिष्ठ जनों का पक्ष रखते हुए उक्त कार्यक्रम की सराहना कर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

## 15 को आयेंगे नकुल-कमलनाथ

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के सांसद नकुलनाथ का तीन दिवसीय प्रवास पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न आयोजनों में सम्मिलित होंगे। गुरुवार 15 दिसम्बर को छिन्दवाड़ा आगमन के उपरांत नकुल-कमलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। सांसद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का 15 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे छिन्दवाड़ा आगमन होगा व नकुलनाथ का भी 15 दिसम्बर को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सांसद नकुलनाथ भारत जोड़ो यात्रा में सम्मिलित होंगे। दिनांक 16 दिसम्बर को सांसद नकुलनाथ जिले की पांढुर्ना विधानसभा के अंतर्गत मोहखेड़ ब्लॉक व सौंसर विधानसभा क्षेत्र के ही मोहखेड़ ब्लॉक के ग्रामों में रोड शो के माध्यम से आमजन से भेंट करेंगे। नकुलनाथ प्रात: 11 बजे शिकारपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रात: 11.20 बजे ग्राम खूनाझिरखुर्द से रोड शो प्रारम्भ करेंगे और प्रात: 11.50 बजे भुताई, दोपहर 12.05 बजे ग्राम बदनूर, दोपहर 12.20 बजे सांवरी, दोपहर 12.35 बजे टेमनीखुर्द, दोपहर 12.50 बजे जूनापानीमाल, दोपहर 1.10 बजे प्रधानघोघरी, दोपहर 1.30 बजे लावाघोघरी, दोपहर 1.50 बजे चूड़ाबोह, दोपहर 2.20 बजे मैनीखापामाल, दोपहर 2.35 बजे परासिया बैतूल, दोपहर 3.10 बजे टेमनीकला बर्री, दोपहर 3.20 बजे गुबरेल, दोपहर 3.35 बजे पालाखेड़, दोपहर 3.50 बजे महलपुर पहुंचकर रोड शो के माध्यम से





जनसम्पर्क करेंगे। अपराहंत 4.05 बजे ग्राम सरोठ, अपराहंत 4.40 बजे मोहखेड़, अपराहंत 4.55 बजे सौंसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजेगांव, सांय 5.15 बजे चारगांव, सांय 5.30 बजे कामठी में रोड शो के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में जनता से भेंट करेंगे। सांसद नकुलनाथ का सांय 6 बजे शिकारपुर आगमन होगा। दिनांक 17 दिसम्बर को सांसद नकुलनाथ प्रात: 10.50 बजे शिकारपुर से कार द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के लिये प्रस्थान कर प्रात: 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में आगमन उपरांत टॉउन एण्ड कंट्री प्लॉनिंग की बैठक लेंगे। बैठक के उपरांत श्री नकुलनाथ कार द्वारा दोपहर 12 बजे परासिया विधानसभा के बड़कुही के लिये प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे बड़कुही पहुंचकर भारत जोड़ो यात्रा में सम्मिलित होंगे।

## वास्तुदोष निवारण करता तुलसी पौधा

### जिले भर में तुलसी पूजन दिवस की धूम



**छिंदवाड़ा ।** परम् पूज्य संत आशारामजी बापू की प्रेरणा से विश्व भर में मनाया जाने वाला तुलसी पूजन दिवस की धूम पूरे जिले में है । श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक धार्मिक आयोजनो में और स्कूल- स्कूल में विधिवत तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हो रहें हैं। तुलसी पौधा का धार्मिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व है। हमारी सनातन संस्कृति में हर शुभ कार्य, पूजा अर्चना में तुलसी दल का उपयोग सर्वविदित है। तुलसी पौधा वास्तुदोष निवारण करता है। तुसली दल के नियमित सेवन से शरीर की असंख्य बीमारियां दूर होती हैं। तुलसी पौधा 24 घण्टे ऑक्सीजन प्रदान करता है। इसीलिए पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से तुलसी पौधा आवश्यक है । बच्चों को , विद्यार्थियों को तुलसी पौधे के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से जिले भर के स्कूलों में तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित हो रहें हैं। मुख्य कार्यक्रम 25 दिसम्बर को सम्पन्न होगा । जिले में जगह - जगह हो रहे आयोजन में श्री शक्ति ट्रस्ट एव सँस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी आश्रम खजरी का योगदान सराहनीय है । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, गुरूकुल की संचालक दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े, सुजीत सूर्यवंशी, शम्भू दयाल साहू , महिला समिति से सुमन डोईफोड़े, छाया सूर्यवंशी, पूनम मक्कड़, वनीता सनोडिया,कविता सूर्यवंशी, शिवानी साहू, शकुंतला कराडे , योगिता पराडकर, आदि अपनी अपनी सेवाएं दे रहें हैं ।

## राशन की दुकानों में नहीं मिल रहा गेहूं

### अधिकारियों के कार्यशैली पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**सौसर ।** प्रखंड क्षेत्र की राशन दुकानों में गेहूं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दर्जनों ग्रामीण महिलाओं के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक विजय चोरे के नेतृत्व में रेली निकालकर कर एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे जहा उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि सौसर क्षेत्र मे एव जिले मे लगभग 6 माह से राशन की दुकानों पर आम लोगों को गेहूं नहीं मिल रहा है और यदि 5 किलो मिल भी रहा है तो उसमें आधा कचरा और कंकर शामिल होता है एक परिवार को 5 किलो गेहूं और उसमें कचरा यह ऊंट के मुंह में जीरे समान है साथ ही कई राशन दुकानो में सड़ा हुआ गेहूं मिल रहा जिसे जानवर भी नहीं खा सख्ते ऐसा गेहूं और धुगं लगा हुआ इंसानों को दिया जा रहा है जिसके कारण आम आदमी की थाली से गरीब की थाली से रोटी गायब हो गई है उन्होंने कहा कि पूर्व में राशन की दुकानों में शक्कर मिलती थी उसे भी बंद कर दिया गया मिट्टी का तेल भी मिलता था उसे भी बंद कर दिया गया गेहूं मिलता था उसे भी समाप्त किया जा रहा है आने वाले समय में चावल भी बंद करने की योजना वर्तमान सरकार के द्वारा दिख रही है

### बंद की शक्कर और मिट्टी का तेल भी करे शुरू

नगर महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आज यह मांग की गई की राशन की दुकानों पर तत्काल गेहूं पूरी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए तथा बंद की गई शक्कर और मिट्टी का तेल भी शुरू कराया जाए कई राशन दुकानों की दूरी अधिक होने के कारण आम लोगों को राशन लाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जिसके लिए सिर्फ 3 वार्डा को मिलाकर एक राशन की दुकान खोली जाए कई बार महिलाएं राशन लेने दुकान पर जाती है परंतु उसे बिना राशन मिले ही वापस लौटना पड़ता है तथा राशन मिलने की कोई निश्चित समय नहीं होती है कई बार दो-दो माह भी राशन नहीं मिलता है परंतु हितग्राही को केवल एक माह का ही राशन दिया जाता है और वितरक द्वारा कहा जाता है कि इस महीने आपका राशन नहीं आया है कई महिला पुरुष अपनी मजदूरी छोड़कर राशन लेने जाती है और उन्हें दुकानों के चक्कर काटना पड़ता है कई समिति में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिसके विरोध में आज महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया

## आठ विद्युत सब स्टेशनों के लिये जगह चिन्हित

### पूर्व सीएम कमलनाथ की पहल

**छिन्दवाड़ा ।** जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में अबाध्य रूप से विद्युत सप्लाई हेतु पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की पहल रंग लाई। आदिवासी अंचल की जनता व जनप्रतिनिधियों के द्वारा विद्युत कटौती से सम्बंधित जनसमस्या व बाधित विद्युत सप्लाई से प्रभावित क्षेत्र की जानकारी कमलनाथ के समक्ष रखी थी जिसके उपरांत उन्होंने गत माह विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से पत्राचार कर प्रभावित क्षेत्रों में अविलम्ब विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना किये जाने की मांग की थी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य अंचलों में विद्युतीकरण एवं कार्ययोजना के सम्बंध में म.प्र. पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से पत्राचार व चर्चा की थी। कमलनाथ द्वारा प्रेषित पत्र के प्रत्युत्तर में म.प्र. पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक ने म.प्र. शासन उर्जा विभाग के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी को श्री नाथ की मंशानुसार चाहे गये प्रस्तावों के परीक्षण उपरांत कार्यवाही, निष्कर्ष व वस्तु स्थिति से अवगत कराया। श्री कमलनाथ जी के प्रयासों से आठ उपकेन्द्रों की स्थापना हेतु जगह का चयन किया जा चुका है। विदित हो कि स्वीकृति प्राप्त होने के बाद नवीन 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्रों को स्थापित करने हेतु जगह चिन्हित की जा चुकी है और जल्द ही चिन्हित किये गये स्थानों पर उपकेन्द्रों को स्थापित किया जावेगा जिससे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में अबाध्य रूप से बिजली की सप्लाई दी जावेगी जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या नहीं होगी।

मप्र विद्युत वितरण कंपनी ने सर्वे के उपरांत नवीन 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्रों को स्थापित करने हेतु चिन्हित जगह निम्नानुसार है- विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा पूर्व छिन्दवाड़ा के जमुनिया में स्वीकृत 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र की स्थापना हेतु वितरण केन्द्र बनगांव के अंतर्गत ग्राम लालू पिपरिया में उपकेन्द्र स्थापित करने के लिये चिन्हित शासकीय भूमि का खसरा नम्बर 312/1/1 तथा रकबा 27.65 में से 0.809 हेक्टेयर भूमि पर उपकेन्द्र स्थापित किया जावेगा। परासिया विकासखण्ड के ग्राम दमुआमाल संभाग परासिया के वितरण केन्द्र उमरेठ के ग्राम दमुआ रैयत/ दमुआमाल में उपकेन्द्र की स्थापना हेतु शासकीय भूमि का खसरा क्रमांक 84 रकबा 3.8520 हेक्टेयर में से 0.998 हेक्टेयर, जुन्नारदेव विकासखण्ड के ग्राम चोरडोंगरी में स्वीकृत उपकेन्द्र के निर्माण हेतु विद्युत वितरण केन्द्र नवेगांव की ग्राम पंचायत सातग्वारी/ चोरडोंगरी में चिन्हित शासकीय भूमि 129, रकबा 2.7600 हेक्टेयर में से 01 हेक्टेयर, जुन्नारदेव विकासखण्ड में ही सांगाखेड़ा में स्वीकृत उपकेन्द्र की स्थापना तामिया वितरण केन्द्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा में 189/4 रकबा 02 हेक्टेयर में से 01 हेक्टेयर पर उपकेन्द्र स्थापित किया जावेगा।

## भाषाओं को बोलते हुए भी हम सब एक हैं: डॉ चंदेला

**छिंदवाड़ा।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार भारतीय भाषा दिवस के अंतर्गत भारतीय भाषा उत्सअव का आयोजन शासकीय स्वदशासी स्नानतकोत्तदर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ.पी.आर.चंदेलकर के निर्देशन, डॉ. लक्ष्मीवचंद प्राध्या?पक हिन्दी विभाग के मार्गदर्शन तथा डॉ; सुशील कुमार व्यौआहार प्राध्यारपक हिन्दी के विशिष्टर आतिथ्यय में सम्पदन्नन हुआ। इस अवसर पर विशिष्टक वक्ता् डॉ. ब्यौदहार ने कहा कि भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में जितनी भाषाएं समिमलित हैं वे सभी सम्माकनीय और स्मारणीय हैं क्यौंकि राष्टक के विकास में सभी का योगदान है। आज के दिन को हमें भाषायी विविधता की अवधारणा के साथ देश के विकास के रूप में देखना चाहिए। डॉ. लक्ष्मीथकान्तक चंदेला ने कहा कि अनेक भाषाओं को बोलते हुए भी हम सब एक हैं। हमारी भाषायी विविधता वसुधैव कुटुम्बा की संकल्पगना लिए हुए है। डॉ. टीकमणि ने भारतीय भाषा को विभिन्न। दिवसों में मनाने के कारणों की ओर संकेत करते हुए भारतीय भाषा उत्सव की बधाइयां दीं तथा डॉ; सीमा सूर्यवंशी मंच संचालन करते हुए भारतीय भाषा दिवस पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बाबा नीम करोली भक्त मंडल और आयोजन समिति के सदस्यों के साथ स्मार्ट सिटी उद्यान में पीपल और सिंदूर के पौधे रोपे। बाबा के पात्र डॉक्टर धनंजय शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार श्री राकेश अग्निहोत्री पौधरोपण में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल कि पालन सेवा फाउंडेशन के सदस्यों के साथ गुलमोहर का पौधा लगाया।

## स्पोर्ट्स बाइक फिसली, युवक की मौत

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में रविवार रात करीब एक बजे स्पोर्ट्स बाइक के फिसलने से ईदगाह हिल्स में रहने वाले 31 वर्षीय अब्दुल लतीफ कुरैशी की मौत हो गई। जिस बाइक से वह गिरे उसकी कीमत करीब छह लाख रुपये बताई गई है। शाहजहांनाबाद थाने के एएसआइ अनंत पांडे के मुताबिक अब्दुल लतीफ पीएनबी कालोनी ईदगाह हिल्स में रहते थे। लतीफ ने इंदौर से छह लाख की स्पोर्ट्स बाइक खरीदी थी। शनिवार रात करीब एक बजे बाइक से घर लौट रहे थे। पुराना पोस्ट आफिस के पास बाइक फिसल गई। वह बाइक के साथ घिसटते चले गए। बीस मीटर घिसटने के बाद सड़क किनारे लगे लोहे के पाइप से टकरा कर रुके। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। बाइक की टक्कर से लोहे का पाइप भी टूट गया। एएसआइ अनंत पांडे ने बताया कि घटना स्थल को देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि बाइक फिसलते समय रफ्तार में रही होगी, लेकिन वह किन हालातों में फिसली उसकी जानकारी नहीं है। घटना देर रात की होने के कारण चश्मदीद नहीं मिल पाया है। सीसीटीवी भी तलाश रहे हैं। राहगीर ने लतीफ को अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां रविवार शाम करीब सात बजे के आसपास उनकी मौत हो गई।




जल्द ही गोविंदपुरा विधानसभा सोशल मीडिया के द्वारा पहली रोटी गाय की अभियान चलाया जाएगा। लोगों के घर घर जाकर गौ माता को अपने घर की बनी पहली रोटी खिलाने के लिए सोशल मीडिया के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों से निवेदन किया जाएगा-संदीप सिंह गोविंदपुरा विधानसभा प्रभारी सोशल मीडिया।

## 24 घंटे में छह वाहनों के ताले तोड़कर चुरा ले गए चोर

भोपाल। राजधानी में एक बार फिर वाहन चोर सक्रिय हो गए हैं। लगातार वाहन चोरी की वारदात हो रही है,लेकिन इन वाहन चोरों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस और क्राइम ब्रांच की कोई रणनीति नजर नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि रोजाना शहर से वाहन चोरी हो रहे हैं। चार बाद एक बार फिर से 24 घंटे में छह दो पहिया वाहनों को चोरी हो गए हैं। पुलिस ने सभी वाहन चोरी के मामलों में एफआइआर दर्ज कर ली है,लेकिन फिलहाल वाहन चोरी में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जहांगीराबाद इलाके में रोज ब्यूटी पार्लर लिली टाकीज नोमान खान का स्कूटर चोरी हो गया। उनकी बाइक ब्यूटी पार्लर के बाहर खड़ी थी। चोरी गई बाइक की कीमत करीब पांच हजार बताई गई है। टीटीनगर में न्यू मार्केट आकांक्षा अज्ञात चोर द्वारा चोरी हो गया है। अयोध्या नगर में एफ 53 ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी मोहम्मद जावेद रजा के घर के सामने से बाइक चोरी हो गई। इसी तरह एमपी नगर इलाके में मानसरोवर कॉम्पलेक्स इलाके में पार्किंग में तनवीर खान की बाइक खड़ी थी, उसे अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।उसकी कीमत पुलिस ने आठ हजार रूपये आंकी है। इसी तरह से संस्कार कोचिंग ईदगाह हिल्स राजीव पाराशर की स्कूटर चोरी हो गई। उसकी कीमत करीब दस हजार रूपये बताई और इसके अलावा शराब दुकान के सामने से कोलार डी मार्ट के सामने से दुलीचंद अहिरवार अज्ञात आरोपित बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में एफआइआर दर्ज कर ली है।

# प्रदेश में गिरा सीजन का पहला मावठा



### भोपाल-जबलपुर समेत कई जिलों में हुई बूंदाबांदी

### इन इलाकों में वर्षा के आसार

मौसम विभाग की मानें तो आज सात संभागों बुरहानपुर, हरदा, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर और झाबुआ में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश हो सकती है। यहां दो दिन तक हल्की बारिश हो सकती है। इंदौर और भोपाल में भी बारिश के आसार हैं।

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। मंगलवार सुबह सीजन का पहला मावठा गिरा। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी हो रही है। बंगाल की खाड़ी के साइक्लोन मैंडूस के प्रभाव से पूरे प्रदेश का मौसम बदल गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा। इस दौरान सात संभागों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश तक होने के आसार है।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक ममता यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चक्रवाती तूफान का असर बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से से शुरू होकर अन्य प्रदेश तक भी नजर आ रहा है। एक सप्ताह पहले पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। इसके बाद फिर से गिरावट होने लगी। अब तापमान बढने लगा है। दो दिनों तक इसी तरह बढ़ोतरी के बाद तापमान कम होने की संभावना है। प्रदेश में 48 घंटे तक इसी तरह मौसम बना रहेगा। इसके बाद मौसम करवट लेगा। दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। इससे 15 दिसंबर से अच्छी ठंड की शुरुआत हो सकती है। इसके बाद 23-24 दिसंबर से बंगाल की खाड़ी में एक और चक्रवाती तूफान सक्रिय होने की पूरी संभावना है। जिससे फिर से तापमान में बढ़ोतरी होगी। दिसंबर के अंत तक फिर से तापमान में गिरावट नजर आएगी।





# महाकाल दर्शन के प्रति फिल्म कलाकारों का रुझान बढ़ा

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर परिसर में महाकाल लोक बनने के बाद देशभर से भक्तों के उज्जैन आने का सिलसिला बढ़ा है। वहीं फिल्म कलाकारों में भी महाकाल की भक्ति प्रति क्रेज बढ़ा है। इसी साल कई नामी एक्टरों ने महाकाल दर्शन किए। सोमवार को अभिनेता अनुपम खेर खास तौर से महाकाल दर्शन के लिए आए और अब तक मिली कामयाबियों के लिए शुक्रिया अदा किया। सोमवार को अनुपम खेर महाकाल आए थे और पूरे विधि-विधान से महाकाल की पूजा की।

महाकाल के प्रति अभिनेताओं की आस्था नई बात नहीं है। 80 के दशक में महानायक अमिताभ बच्चन महाकाल दर्शन करने आए थे। जितेंद्र भी शूटिंग के सिलसिले में आ चुके हैं। कुछ समय पहले ही अपनी फिल्म 'ओ माय गॉड 2' की शूटिंग के लिए अभिनेता अक्षय कुमार ने भी पहले महाकाल के दर्शन किए थे।1981 में प्रसिद्ध अभिनेत्री रेखा की फिल्म 'मंगलसूत्र' की शूटिंग भी महाकाल और मंगलनाथ मंदिर में हुई थी। 1975 में सुपरहिट धार्मिक फिल्म 'जय संतोषी माँ' की शूटिंग भी हरसिद्धि मंदिर के पीछे संतोषी माता मंदिर में हो चुकी है।

इस साल अभिनेता गोविंदा दूसरी बार महाकाल के दर्शन करने आए थे। राजपाल यादव, आशुतोष राणा जैसे कलाकार भी महाकाल मंदिर आ चुके हैं। जनवरी में सारा अली खान और अमृता सिंह ने महाकाल के दर्शन करने आए थे। नवंबर में अभिनेत्री ऋषिता भट्ट और निर्माता निर्देशक मधुर भंडारकर भी आए थे। अक्टूबर में जयाप्रदा अपने बेटे सम्राट के साथ महाकाल दर्शन करने आई थीं।



इसके एक माह पहले सितंबर में टीवी दुनिया का बड़ा नाम और शानदार टीवी शो को प्रोड्यूस करने वाली मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर ने महाकाल और मंगलनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की थी। 2018 में कंगना रनौत तो 2021 में अभिनेत्री रूपा गांगुली आई थीं।

### रणबीर और आलिया दर्शन नहीं कर सके

सितंबर में बॉलीवुड के पॉपुलर कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट महाकाल दर्शन करने उज्जैन पहुंचे थे। लेकिन, उन्हें बिना दर्शन किए ही मंदिर से वापस लौटना पड़ा। सिर्फ फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी गर्भगृह में जाकर बाबा महाकाल के दर्शन कर सके। आलिया-रणबीर और अयान मुखर्जी के आने से पहले ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाकाल मंदिर के मुख्य और वीवीआईपी शंख द्वार पर हंगामा कर दिया था। इसके बाद रणबीर-आलिया और अयान मुखर्जी तीनों को उज्जैन कलेक्टर के घर जाना पड़ा था।

### क्या मांगा था गोविंदा ने

चार साल पहले फिल्म स्टार गोविंदा भी महाकाल मंदिर में पूजा करने आए थे। उनकी पत्नी सुनीता भी साथ थी। दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि भगवान से प्रार्थना की है, सभी को किसी तरह की दुख तकलीफ न हो, कोई बाधा न आए। वे अपनी फिल्म 'फ्राई डे' की रिलीज से पहले आए थे। उन्होंने कहा था कि बेटी टीना जिस तरह काम कर रही है, उससे उम्मीद है सफल रहेगी। ईश्वर से प्रार्थना है, वह सफल हो। गोविंदा ने प्राचीन काल भैरव मंदिर में भी दर्शन किए। पूजन के दौरान उन्होंने परंपरा अनुसार काल भैरव को मदिरा का भोग भी लगाया।

### कुछ रोचक किस्से

बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम झंवर भी इसी साल उज्जैन आई और महाकाल भगवान के दर्शन किए। गर्भगृह में पूजन अभिषेक के बाद झंवर ने कहा था उन्होंने अपने लिए अच्छा वर मांगा है। महाकाल से प्रार्थना की है कि अच्छा पति मिले और शुभ विवाह हो। अभिनेत्री तनुश्री दत्ता भी इसी साल महाकाल दर्शन करने आई और रास्ते में एक्सीडेंट होने के बाद भी लड़खड़ाते हुए मंदिर आई और इंदौर से लौटकर दोबारा दर्शन कर भगवान का शुक्रिया अदा किया था।

# वन विभाग में अधिकारियों को बचाकर छोटे कर्मचारियों की चढ़ाई जा रही है बलि

**भोपाल।** वन विभाग में कोई भी घटना हो तो वन विभाग के अधिकारियों को दंडित नहीं किया जाता है भले उनकी जिम्मेदारी रही हो लगातार हर घटना में वन विभाग के बड़े अधिकारियों को बचाकर वन विभाग के छोटे कार्यपालिक वन कर्मचारियों को दंडित करके बलि का बकरा बना दिया जाता है और जब सम्मान या प्रशंसा पत्र लेने का अवसर आता है तो वन विभाग के अधिकारी आगे आ जाते हैंअभी हाल ही में पन्ना और बुरहानपुर में हुई घटना पर भी बड़े अधिकारियों को बचाकर सरकार ने छोटे वन कर्मचारियों की बलि चढ़ा दी है वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि बुरहानपुर अतिक्रमण कांड और पन्ना का बाघ फांसी कांड की उच्च स्तरीय जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज से कराई जाए ताकि दोनों कांड के सही तथ्य सरकार के सामने आ सके छोटे वन कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाना सरकार बंद करें दोषी वन अधिकारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

वन कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि बुरहानपुर वन चौकी में रखी 17 नग शासकीय बंदूकें एवं कारतूस लूटने के प्रकरण में उपवन क्षेत्रपाल और वनरक्षक को निलंबित किया गया है जबकि कार्यपालिक वन कर्मचारी शासकीय बंदूकें 16 अगस्त 2022 को ही जमा कर चुका था वही पन्ना के तिलगवाबीट में फांसी में लटकने से हुई बाघ की मौत के मामले में उपवन क्षेत्रपाल अजीत खरे एवं वनरक्षक अरुण त्रिवेदी को निलंबित किया गया है जबकि पन्ना वन मंडल अधिकारी बेनी प्रसाद ने स्वयं स्वीकार किया कि किसानों ने अपनी फसल को छोटे जानवरों से बचाने के लिए उन्हें फंदे में फंसाने के लिए खेत के बाढ़ में फंदा लगाया था फिर इसमें वन क्षेत्रपाल और वनरक्षक कैसे दोषी हो जाते हैं दोनों ही प्रकरण में वन विभाग के बड़े अधिकारियों को बचाकर छोटे वन कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया गया है छोटा बंद कर्मचारी अपनी जान की जोखिम में डालकर वनों की सुरक्षा कर रहा है वनों की सुरक्षा में वन माफिया के प्राणघातक हमले का शिकार हो रहा है लेकिन सरकार मात्र छोटे वन कर्मचारियों को ही निशाना बना रही है इसी तरह लटेरी कांड में भी छोटे वन कर्मचारियों को कटघरे में खड़ा कर दिया गया था



भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग एवं विधायक कृष्णा गौर से रजक समाज का प्रतिनिधि मंडल मिला एवं समाज की प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

# नूतन महाविद्यालय में आजादी के स्थानीय नायक पर परिचर्चा आयोजित

**भोपाल।** सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर परिचर्चा आयोजित की।इसका विषय था-÷आजादी के स्थानीय नायक एवं बलिदानी÷ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा.ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक इतिहास, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से पधारे।विशिष्ट अतिथि के रूप में डा.नारायण व्यास पुरातत्वविद् भोपाल उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य महोदया ने की। डा.ब्रजेश श्रीवास्तव ने बुन्देलखण्ड की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई ,झलकारी बाई की शहादत पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से उनके जैसा शौर्य वान बनने की अपील की। डा.नारायण व्यास ने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की चरणरज की प्रदर्शनी लगायी। जिनका दर्शन पाकर सभी अभिभूत हुए। इस अवसर पर डा.चित्रा आम्रवंशी की पुस्तक ÷ प्राचीन भारतीय जीवन में नाग तत्व÷ का विमोचन हुआ। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं तथा विभिन्न विभागों के प्राध्यापक कार्यक्रम में उपस्थित हुए।














रविंद्र भवन में स्वशासन समागम प्रोग्राम में रूपल जैन सीएम

# स्टेट हैण्डलूम एक्सपो में उड़िया नृत्य की प्रस्तुति हुई

**भोपाल।** वैदेही एवं कल्याणी द्वारा बिन्दु जुनेजा के निर्देशन में उड़िसी नृत्य प्रस्तुति पहली प्रस्तुति मंगलाचरण कवि चम्पती राय द्वारा लिखित उहिया स्तुति- हरिहर - शिवा और विष्णु के संयुक्त रूप पर आधारित दूसरी प्रस्तुति पारंपरिक उड़िसा रचना-संगिनी रे चाह- इसमें दो सखियों का वर्णन है जो कृष्ण की प्रेम भक्ति में लीन परस्पर अठखेलियों कर रही है। तीसरी रचना है मोह ओडिसी के पारंपरिक रिपेस्टोर की यह अंतिम रचना है। समय से 8 बजे तक होगा।

सन्त रविदास म0प्र0 हस्तशिल्प एंव हाथकरघा विकास निगम लि0 भोपाल के द्वारा स्टेट हैण्डलूम एक्सपों का आयोजन विकास आयुक्त हथकरघा वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से भोपाल हाट अरेरा हिल्स में किया जा रहा है। 13 दिसम्बर को शाम 6 बजे से देवेंद्र एस मंगला मुखी भारत की पहली कथक नृत्यांगना के द्वारा शास्त्रीय नृत्य शामे कत्थक की प्रस्तुति दी इस एक्सपों में देशभर के विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक बुनकरों भाग लिया जा रहा है। 14 राज्यों से जैसे उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान पश्चिम बंगाल हिमाचल प्रदेश कर्नाटक उड़ीसा जम्मू एण् काश्मीर तथा छत्तीसगढ़ हरियाणा मणिपुर उत्तराखण्ड दिल्ली मध्यप्रदेश के बुनकरों के गुणवत्तायुक्त और विविध हैण्डलूम उत्पाद एक साथ एक ही कैम्पस में उपलब्ध रहेंगे। विगत वर्षों में आयोजित स्पेशल हैण्डलूम एक्सपी भोपाल में हुये भारी विक्रय के चलते प्रदेश व अन्य राज्यों के बुनकर संघ बुनकरों की समितियों में उत्साह हैं और व भोपाल एस में प्रतिभागिता कराना चाहते हैं। 100 से अधिक अस्थाई दुकानों निर्माण करवाया जा रहा है। इस प्रकार 100 दुकानों में विभिन्न राज्यों के बुनकर हैण्डलूम वस्त्र लेकर उपलब्ध होगे। लगभग 100 बुनकर समितियों की पृविष्टियों अब तक निगम को प्राप्त हो चुकी हैं।




अनुभा श्रीवास्तव आयुक्त सह प्रबंध संचालक मप्र हस्तशिल्प एंव हाथकरघा विकास निगम भोपाल द्वारा बताया गया है कि विगत आयोजन में अच्छी सफलता प्राप्त होने पर बुनकरों एंव राज्यों की बढी हुई हैं। अतः आयोजन को अच्छा प्रचार प्रसार मिले जिससे कि अन्य राज्यों में आये बुनकरों का अच्छा व्यापार हो सकें। तथा भोपाल वासियों को कई राज्यों की विभिन्न सामग्री खरीदने का अवसर प्राप्त हो सकें।